दैनिक


लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



इन तरीकों से दूर कर सकते हैं सिर का दर्द....



कूलर की बदबू उड़ा रही होश तो .........

वर्ष : 10 | अंक : 163 | लखनऊ, 23 मई, गुरूवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# समाजवादी पार्टी की रैलियों में रोज दिख रही भगदड़, मारपीट और अराजकता : सीएम योगी

● मुख्यमंत्री ने जौनपुर में पार्टी उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अबकी बार 400 पार का भाजपा का नारा सुनते ही समाजवादी पार्टी की हालत खराब हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी (सपा) तथा इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की हाल की रैलियां में फैली अव्यवस्था का जिक्र करते हुए बुधवार को कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर होने के बावजूद अपने नेताओं का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने जौनपुर में पार्टी उम्मीदवार कृपा शंकर सिंह के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, अबकी बार 400 पार का भाजपा का नारा सुनते ही समाजवादी पार्टी की हालत खराब हो जाती है। यह क्षेत्रीय पार्टी 60-62 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है।

उन्होंने फूलपुर और आजमगढ़ में सपा और इंडिया गठबंधन की चुनावी रैलियों में कार्यकताओं द्वारा बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच जाने की घटनाओं की तरफ इशारा करते हुए कहा, समाजवादी पार्टी में अभी रोज भगदड़, मारपीट, अराजकता व नूराकुश्ती दिख रही है। जब सपा और कांग्रेस के लोग सत्ता से कोसों दूर हैं, तब भी अपने नेता का सम्मान नहीं कर पा रहे हैं। जब यह सत्ता में रहे होंगे तो कैसे उत्तर प्रदेश की जनता का खून चूसकर शोषण किया होगा, यह किसी से छिपा नहीं है। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, एक तरफ रामभक्त हैं, जो राम के लिए सर्वस्व न्यौछावर करते हुए भारत को ताकतवर बनाना चाहते हैं, दूसरी तरफ रामद्रोही राम के साथ भारत का भी विरोध कर रहे हैं।



यह कहते हैं कि पाकिस्तान को धमकी मत दीजिए, उसके पास एटम बम है। दाने-दाने के लिए मोहताज पाकिस्तान की धमकी भारत जैसे उस बड़े देश को देते हैं, जो सबसे बड़ी उभरती अर्थव्यवस्था है। सपा-कांग्रेस नेताओं को ऐसा कहते तनिक भी संकोच नहीं होता है। रामद्रोही जातिवादी-परिवारवादी राजनीति करते हैं। यह आपको जाति के नाम पर भी लड़ाएंगे। आदित्यनाथ ने कहा, कांग्रेस ने ढूंढ-ढूंढकर दागी, भ्रष्ट व परिवारवादी दलों के साथ गठबंधन कर देश में अव्यवस्था और अराजकता का ठेका ले लिया है। मोदी जी के नेतृत्व में बदलते भारत में विकास व गरीब कल्याण के अनेक कार्य हो रहे हैं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रहा है तो 23 करोड़ पाकिस्तान वाले भूख से मर रहे हैं।

पाकिस्तान का राग अलापने वालों का बोरिया बिस्तर चार जून को बांध दीजिए और कहिए कि भारत पर बोझ न बनो, पाकिस्तान जाकर भीख मांगो। आदित्यनाथ ने कहा, इंडी गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि कांग्रेस सरकार आने पर पिछड़ी, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति का आरक्षण मुसलमानों को दे देंगे। यह लोग सत्ता में आने पर संपत्ति का सर्वे करवाएंगे और पूर्वजों से विरासत के रूप में आपको मिली संपत्ति पर टैक्स लगाकर आधी संपत्ति ले लेंगे, फिर पाकिस्तान-बांग्लादेशी से आए घुसपैठिये मुसलमानों को दे देंगे।

इन्हें लूट मचाने और सेंधमारी की छूट नहीं देना है। यह विरासत टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। स्वतंत्र भारत में कोई भी जजिया कर नहीं देगा। उन्होंने कहा, शाहजहां ने अपनी जीवनी में लिखा है कि औरंगजेब जैसा कमबख्त पुत्र किसी का न हो। औरंगजेब का जजिया कर हिंदुओं पर लागू होता था। सपा-कांग्रेस के गठबंधन में घुसी औरंगजेब की आत्मा को बेनकाब करना है। जौनपुर में लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत आगामी 25 मई को मतदान होगा।

# सीएम अरविंद केजरीवाल की नुक्कड़ सभा आयोजित

● मुझे पकड़कर जेल में डाल दिया : केजरीवाल

आप समर्थकों को अमित शाह बताते हैं पाकिस्तानी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, चुनाव प्रचार के लिए नई दिल्ली के मालवीय नगर में सीएम अरविंद केजरीवाल की नुक्कड़ सभा आयोजित की गई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अमित शाह परसो दिल्ली आकर कहते हैं कि आम आदमी पार्टी के सारे समर्थक पाकिस्तानी हैं, आप पाकिस्तानी हैं? दिल्ली, गोवा, गुजरात, पंजाब में हमें समर्थन मिला तो क्या वे पाकिस्तानी हैं? 4 जून को इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी और आप उसमें हिस्सा होगी और सबसे पहला काम होगा दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना।

केजरीवाल ने कहा कि हमारी सरकार ने दिल्ली वालों के लिए तमाम सुविधाएं दी और इससे जनता को राहत मिली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से यह देखा नहीं गया। उन्होंने मुझे पकड़कर जेल में डाल दिया और सोचा कि इससे इनके मोहल्ला क्लीनिक, सरकारी स्कूल और अस्पताल बंद हो जाएंगे। प्रधानमंत्री जी ये बहुत गलत बात है। मेरी माताओं-बहनों ने मेरी रिहाई के लिए पूजा-पाठ किया और देखिए मैं आ गया। नरेंद्र मोदी ने मुझे जेल में रखने का पूरा प्रयास किया लेकिन मेरे ऊपर बजरंग बली का आशीर्वाद था।



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | 42.c |
| न्यूनतम तापमान | 26.c |

## बाजार

| | |
|---|---|
| सोना | 5848/ g |
| चांदी | 75.50/ g |
| सेंसेक्स | 73,878.15 |
| निफटी | 22,475.85 |

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री आवास में मालीवाल पर हमले को लेकर केजरीवाल पर निशाना साधा

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक चुनावी सभा के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने जेल से अपनी सरकार चलाने पर जोर देकर दिल्ली के लोगों को निराश किया है। रक्षा मंत्री ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री आवास में कथित हमले को लेकर भी केजरीवाल पर हमला बोला। उन्होंने उत्तर पश्चिमी दिल्ली से भाजपा के उम्मीदवार योगेन्द्र चंदोलिया के समर्थन में रोड शो किया। सिंह ने यह भी कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन 400 से अधिक सीट जीतेगा और नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में लौटेंगे। उन्होंने कहा, भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि जेल में बंद किसी मुख्यमंत्री ने कहा है कि वह वहीं से सरकार चलाएगा। हमने घर से काम, ऑफिस से काम के बारे में सुना है लेकिन यह पहली बार है कि हम जेल से काम देख रहे हैं।


# दिल्ली की रैली में इंडी गठबंधन पर पीएम मोदी का प्रहार

● लोग तय करें, देश पहले या परिवार

मैं हिंदू-मुस्लिम नहीं करता हूं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिमी दिल्ली के द्वारका में जनसभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली का मूड क्या है। ये देश देख रहा है। अब तक 400 से ज्यादा सीटों का मतदान हो चुका है। 5 चरणों ने बीजेपी-एनडीए की मजबूत सरकार पक्की कर दी है। 60 साल तक कांग्रेस ने भारत की क्षमता के साथ अन्याय किया है।' मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं होगा कि वे आपराधिक गतिविधियों में शामिल थे। भाजपा



सरकार ही एकमात्र ऐसी सरकार है जो वह पैमाने और गति दे सकती है जिसकी भारत जैसे विशाल देश को आवश्यकता है।

पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार भारत के लोगों ने स्पष्ट रूप से कांग्रेस मॉडल और भाजपा मॉडल का फर्क देखा है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को ना आगे की सोचने की फुर्सत है और ना ही क्षमता है। इन लोगों ने 60 साल तक भारत के सामर्थ्य के साथ अन्याय किया है। मैं कहूंगा कि इन लोगों ने आपराधिक कृत्य किया है। 140 करोड़ का इतना बड़ा देश, भारत को जो स्पीड चाहिए, जो स्केल चाहिए वो एकमात्र भारतीय जनता पार्टी की सरकार ही दे सकती है।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस हर दिन 12 किलोमीटर ही हाइवे बनवा पाती थी, जबकि मोदी सरकार हर रोज करीब 30 किलोमीटर हाइवे बनवा रही है। कांग्रेस 60 साल में ज्यादा से ज्यादा 70 एयरपोर्ट बनवा पाई थी, मोदी ने 10 साल में 70 नए एयरपोर्ट बनाकर जोड़ दिया। कांग्रेस 60 साल में 380 मेडिकल कॉलेज बनवा पाई, जबकि मोदी ने सिर्फ 10 साल में सवा तीन सौ से ज्यादा नए मेडिकल कॉलेज बनवा दिए। कांग्रेस के समय 7 एम्स थे, आज 22 से अधिक एम्स हैं। कांग्रेस के राज में 75 प्रतिशत से ज्यादा लोगों के पास नल कनेक्शन नहीं था, आज 75 प्रतिशत लोगों के घर में नल से जल आ रहा है। कांग्रेस ने 60 साल में 14 करोड़ से भी कम गैस कनेक्शन दिए थे, मोदी ने अपने 10 साल में 18 करोड़ से ज्यादा नए गैस कनेक्शन दिए हैं। इंडी गठबंधन के लोग घोर सांप्रदायिक, जातिवादी और परिवारवादी हैं। दिल्ली में जो लुटियन गैंग है, खान मार्केट गैंग है, इन घोर सांप्रदायिक लोगों की रक्षा करने में अपनी जिंदगी खपा दी। उनके पापों को देश की जनता से छिपाने का पाप किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### आगरा के सिंधी बाजार में भीषण आग, एक दर्जन दुकानें जलीं

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ,** आगरा के सिंधी कपड़ा बाजार में बुधवार को भीषण आग लगने से लगभग एक दर्जन दुकानें जल गईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दमकल अधिकारी सोमदत्त सोनकर ने बताया कि अपराह्न करीब 3:50 बजे राज एंड संस नामक दुकान में एयर कंडीशनर का कंप्रेशर फटने से आग लगी। उन्होंने कहा कि दमकल विभाग को 4:25 बजे आग लगने की सूचना मिली। सोनकर ने कहा कि जल्द ही आग ने गंगा फुटवियर, पिंकी क्लॉथ, अशोक क्लॉथ, उपहार फुटवियर, मसाला रेस्टोरेंट को चपेट में ले लिया, रेस्टोरेंट में रखे गैस के तीन सिलेंडर भी फट गए।

# चेतावानी! आग उगलने वाली गर्मी से नहीं मिलेगी राहत

## मौसम विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत के अधिकतर हिस्से में भीषण गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत के मैदानी इलाके बीते पांच दिनों से भयंकर लू चपेट में है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि आने वाले दिनों में भी गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। मौसम विभाग ने अगले 5 दिनों के लिए हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है। जिन राज्यों में अलर्ट जारी किया गया है, उनमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश का नाम शामिल है।




### गर्मी से आम जनजीवन का बुरा हाल

मौसम विभाग ने कहा है कि गर्मी को देखते हुए बुजुर्गों, बच्चों और बीमार लोगों पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। वहीं, निचले पहाड़ी इलाको में भी तेजी गर्मी पड़ेगी। बीते दिन मंगलवार को देश के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 45 डिग्री से ज्यादा रहा है। इनमें राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में भीषण गर्मी के साथ ही उमस हालात को और खतरनाक बना रही है। हरियाणा के सिरसा में मंगलवार को अधिकतम तापमान 47.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि देश में सबसे अधिक है।

### बिजली की खपत बढ़ रही है

दिल्ली में मंगलवार को तापमाम मे काफी राहत रही, लेकिन अभी भी ये सामान्य की तुलना में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। वैसे दिल्ली में बिजली की खपत में भी उछाल आया है। मंगलवार को दिल्ली में रिकॉर्ड 7,717 मेगावॉट बिजली की मांग रही और आने दिनों में इसके 8200 मेगावॉट तक पहुंचने की संभावना है। वहीं दिल्ली में 25 मई को छठे चरण का मतदान होना है। ऐसे में लोगों ने चुनाव आयोग से अपील की है कि मतदान के दौरान मतदान केंद्रों पर पंखे, कूलर और ठंडे पानी की व्यवस्था हो।

# मतदान केंद्र के अंदर सेल्फी लेने पर कर्मी निलंबित

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार


नई दिल्ली, लोकसभा चुनाव के तहत उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में सोमवार को मतदान अधिकारी के रूप में तैनात एक सहायक अध्यापक को मतदान केंद्र के अंदर सेल्फी खींचने के आरोप में मंगलवार को निलंबित कर दिया गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मुस्करा विकासखंड के उमरी स्थित कन्या प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक आशीष कुमार आर्या को श्री विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर के मतदेय स्थल 112 में मतदान अधिकारी (प्रथम) के रूप में ड्यूटी पर तैनात किया गया था। उन्होंने बताया कि आरोप है कि आर्या ने मतदान के दिन मतदाताओं की फोटो खींचते हुए मोबाइल फोन से सेल्फी ली, जो निर्वाचन आयोग के निदेशों का स्पष्ट उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस गंभीर उल्लंघन के चलते हमीरपुर के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आर्या को निलंबित करते हुए उसे ब्लाक संसाधन केंद्र मुस्करा से संबद्ध किया है। इस प्रकरण की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# रईसी की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए उपराष्ट्रपति धनखड़ ईरान जाएंगे : विदेश मंत्रालय

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नयी दिल्ली। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हेलीकॉप्टर दुर्घटना में ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी और विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन की मृत्यु हो जाने पर शोक व्यक्त करने के लिए आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल होने बुधवार को ईरान जाएंगे। रईसी के सम्मान में मंगलवार को भारत में एक दिवसीय राजकीय शोक रखा गया। विदेश मंत्रालय के एक बयान में मंगलवार को कहा गया, भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 19 मई को दुर्भाग्यपूर्ण हेलीकॉप्टर दुर्घटना में राष्ट्रपति सैय्यद इब्राहिम रईसी, विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और अन्य ईरानी अधिकारियों की मृत्यु पर शोक व्यक्त करने के लिए आधिकारिक कार्यक्रम में शामिल होने 22 मई को इस्लामी गणराज्य ईरान का दौरा करेंगे। रईसी की मृत्यु पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रईसी और अन्य की मृत्यु पर भारत की ओर से संवेदना व्यक्त करने के लिए मंगलवार को यहां ईरान के दूतावास का दौरा किया। ईरान की सरकारी मीडिया ने बताया कि देश के उत्तर-पश्चिमी हिस्से के पर्वतीय क्षेत्र में हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने के कुछ घंटों बाद राष्ट्रपति रईसी, देश के विदेश मंत्री और कई अन्य अधिकारी सोमवार को मृत पाए गए। रईसी (63) और उनका दल रविवार को अजरबैजान-ईरान सीमा पर एक इलाके की यात्रा से लौटने के बाद तबरीज शहर की ओर जा रहे थे।



# पूर्वांचल की जनता भाजपा का करेगी सफाया : अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव के समर्थन में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करते हुए ऐतिहासिक वोटो से जिताने की अपील की।

अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल की जनता भाजपा का सफाया करने जा रही है। पूर्वांचल में जिस तरह का माहौल है, उससे भाजपा का सभी सीटें हारना तय है। इस बार भाजपा वाराणसी भी हार जायेगी। इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर बहुत आगे है। चार जून को जब मतगणना होगी तो एक फिल्म रिलीज होगी। उसका नाम होगा एक थी भाजपा। यादव ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को ऐसी मात देगी कि इनको कुछ समझ में नहीं आयेगा। आजमगढ़ में चुनाव अलग तरह का है। चुनाव में आजमगढ़ के लोग रिकार्ड मतों से जिताएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि आजमगढ़ का नाम लेते ही भाजपा नेताओं को परेशानी हो जाती है। आजकल उनके नेताओं की भाषा बदल गयी है। अन्दर अन्दर डरे हुए है।



जिस तरह से पहले चरण से वोट पड़ना शुरू हुआ है। देश 140 करोड़ की जनता भाजपा को 140 सीट के लिए तरसा देगी। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा हर चरण में नीचे जा रही। हर चरण में भाजपा को लेकर जनता का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। सातवें चरण में जनता का गुस्सा सातवें आसमान पर होगा। भाजपा नेताओं ने बड़ी-बड़ी बातें करके जनता को गुमराह किया। किसान की आय दोगुनी नहीं हुई। खेती की लागत बढ़ गयी है। लगातार महंगाई बढ़ाकर किसानों, गरीबों का जीवन संकट में डाल दिया है। भाजपा सरकार ने दस साल में बड़े-बड़े उद्योगपतियों के लिए नीतियां बनायी। उनका 25 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया। भाजपा किसान विरोधी है। तीन काले कानून लाकर भाजपा सरकार ने किसानों की फसल और जमीन छीनने की साजिश रची। किसानों ने आंदोलन किया। एक हजार किसान शहीद हुए। किसान लगातार आंदोलन करते रहे और इस सरकार को पीछे हटना पड़ा। भाजपा सरकार ने किसानों को बहुत अपमानित किया। एमएसपी का कानूनी अधिकार नहीं दिया।

यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी इंडिया गठबंधन सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। साथ ही किसानों को उनकी फसलों का एमएसपी का कानूनी अधिकार दिलायेगी। भाजपा सरकार ने नौजवानों से झूठे वादे किये। नौकरी रोजगार नहीं दिया। इस सरकार में दस से ज्यादा भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक हो गये। इन्होंने जानबूझकर पेपर लीक कराया। भाजपा ने लाखों नौजवानों का भविष्य बर्बाद किया है। ये सरकार नौकरी और आरक्षण नहीं देना चाहती है। इसी नीयत ठीक नहीं है। इन्होंने निवेष के नाम पर बड़े-बड़े आयोजन किये। सिर्फ गुमराह किया। धोखा दिया। कोई निवेश जमीन पर नहीं आया। पूर्वांचल में एक भी कारखाना नहीं लगा। निवेश के झूठे आंकड़े दिखाये गये। अखिलेश यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन सरकार विभिन्न विभागों में खाली पड़े तीस लाख सरकारी पदों को आरक्षण देकर भरेगी। नौजवानों को नौकरी देगी। भाजपा सरकार ने सेना में नौजवानों की नौकरी को अग्निवीर योजना कर दिया। इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना स्वीकार नहीं करेगी। इस योजना को खत्म कर नौजवानों को पहले की तरह सेना की पक्की नौकरी देगी। भाजपा के सारे वादे झूठे है। इनकी गारन्टी भी झूठी है। भाजपा ने महंगाई, बेरोजगारी बढ़ा दी है। महंगाई बढ़ाकर मुनाफा कमाया।

## संक्षेप

### किसान के घर से बैखोफ चोरो ने जेवरात उड़ाये

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। उदयपुर गांव में बीते मगंलवार की देर रात किसान आशीष मिश्रा के घर का पिछला दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे बेखौफ चोर कमरे में रखी अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे डेढ लाख कीमत के सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गये।बुद्ववार की सुबह सोकर उठे किसान आशीष मिश्रा ने कमरे में जाने पर अंदर रखी अलमारी व बक्से के ताले टूटे व सामान बिखरा देखा तब उसे चोरी की घटना का पता चला।जिसके बाद पीड़ित किसान ने पुलिस को सूचना दी।तब जाकर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच पड़ताल की।पीड़ित किसान ने पुलिस से लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी ने बताया पीड़ित किसान ने अज्ञात चोरो के विरूद्ध कार्यवाही के लिये तहरीर दी है जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

### तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरायी,युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। गौरा गांव में स्थित सिंह ढाबे के पास बुद्ववार की शाम हाइवे पर रॉग साइड से तेज रफ्तार में आ रही बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गयी,दुर्घटना में बाइक चला रहा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया।सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घायल युवक को इलाज के लिये एम्बुलेंस की मदद से मोहनलालगंज सीएचसी लेकर गयी,जहां डाक्टरो ने युवक को मृत घोषित कर दिया।जामा तलाशी में उसके पास से मिले ड्राइविंग लाइसेंस से मृतक की शिनाख्त श्रवण कुमार(34वर्ष)निवासी सुरियामऊ थाना गोसाईगंज के रूप में हुयी।जिसके बाद पुलिस ने मृतक के परिजनो को फोन कर घटना की सूचना दी।परिजन मौके पर पहुंचे तो कोहराम मच गया।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# भीषण गर्मी के बावजूद नहरों में नहीं छोड़ा जा रहा पानी

## नहर और सरकारी तालाब के सूखने से पशु पक्षियों के सामने पानी पीने की बनी बड़ी समस्या

● नहर और सरकारी तालाब पड़े है सूखे

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। इस समय पड़ रही भीषण गर्मी के बावजूद नहरों में पानी नहीं छोड़ा जा रहा है। आलम यह है कि सरोजनीनगर इलाके की नहरें पिछले करीब 3 माह से सूखी पड़ी हैं। इसके साथ ही जल संचयन को लेकर अमृत सरोवर योजना के तहत बनाए गए सरकारी तालाब भी सूखे पड़े हैं। नहरों और तालाबों के सूख होने की वजह से जहां पशु पक्षियों के सामने पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। वहीं खेतों में बोई गई हरी सब्जियों और आम की बागों की सिंचाई नहीं हो पा रही है।इसको लेकर ग्रामीण काफी परेशान हैं। बताते चलें कि सरोजनीनगर में अमौसी और गहरू रजबहा नहर के जरिए सैकड़ो एकड़ जमीन की सिंचाई होने के साथ ही आम की बागों की भी सिंचाई होती है। लेकिन इस समय करीब 3 माह से इन दोनों नहरों में पानी न आने के कारण खेतों में बोई गई सब्जियों के अलावा जानवरों के लिए बोए गए हरे चारे की सिंचाई नहीं हो पा रही है। साथ ही सिंचाई न होने के कारण खेतों में खड़ी उड़द की फसल भी भयंकर गर्मी में झुलस रही है। जबकि पशु पक्षियों के सामने भी पानी का अकाल पड़ गया है। उल्लेखनीय है कि इन दोनों नहरों से बेहटवा, अनौरा, अमौसी, हड़ाइन खेड़ा, गौरी, गहरु, नटकुर, चंद्रावल, सरैया, शाहपुर मझिगवां, जैती खेड़ा, मीरानपुर पिनवट सहित तमाम गांवों की सैकड़ो एकड़ जमीन की सिंचाई होती है। लेकिन नहरों में पानी न आने के कारण यहां के किसान काफी परेशान हैं। इसके अलावा दोनों नहरें भयंकर जलकुंभी से पटी पड़ी हैं। जिससे अगर थोड़ा बहुत पानी छोड़ा भी जाता है, तो वह आगे नहीं बढ़ पाता। मालूम हो कि लगभग अधिकतर गांवों में जल संचयन को लेकर अमृत सरोवर योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर बनाए गए सरकारी तालाब भी सूखे पड़े हैं। चंद्रावल के किसान सर्वेश रावत, कल्लू और नटकुर के चंद्र किशोर सिंह आदि कई किसानों का कहना है कि धान की नर्सरी तैयार करने का जरूरी समय चल रहा है। लेकिन नहरों में पानी न आने के कारण खेतों में पलेवा नहीं हो पा रही है। ऐसे में धान की बुवाई पिछड़ रही है। उधर इस मामले में शारदा नहर खंड -2 के सहायक अभियंता धनंजय तिवारी का कहना है कि गोमती नदी में पानी कम हो जाने के कारण लखनऊ शहर वासियों के लिए पानी की दिक्कत शुरू हो गई थी। जिसकी वजह से बीते दिनों शारदा नहर का पानी गोमती नदी में छोड़ दिया गया था। जल्द ही इन नहरों में भी पानी छोड़ा जाएगा। उनका कहना है कि इन नहरों में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से घरों व नाले नालियों का गंदा पानी गिरा दिया गया है। जिसकी वजह से जलकुंभी की तादाद बहुत अधिक हो गई है। चुनाव समाप्त होते ही इन नहरों की सफाई कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जाएगा।

# ईंट से हमला करने के साथ ही घर में घुसकर 1 लाख रुपये व सोने की जंजीर लूटने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर लखनऊ। बंथरा के रामचौरा गांव निवासी अनुज रावत ने उन्नाव जिले के असोहा में रहने वाले अनुज कुमार और रामचौरा में ही रहने वाले अनुज के भाई राजवीर के अलावा उनके सात -आठ साथियों पर गाली गलौज और ईंट से हमला करने के साथ ही घर में घुसकर 1 लाख रुपये व सोने की जंजीर लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पीड़ित अनुज रावत का कहना है कि मंगलवार देर शाम करीब 7 बजे आरोपी अनुज कुमार ने फोन पर गाली गलौज करने के साथ ही पीड़ित और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि कुछ देर बाद रात करीब 9 बजे आरोपी अपने भाई राजवीर व 7-8 साथियों के साथ पीड़ित के घर पहुंचा और गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि ईंट पत्थरों से घर वालों के ऊपर हमला भी कर दिया। आरोप लगाया कि इस दौरान आरोपियों ने घर में रखे 1 लाख रुपये और पीड़ित की सोने की जंजीर भी लूट लिए। पीड़ित का कहना है कि इस घटना में वह और उसके घर वाले चोटिल हो गए। पीड़ित ने आरोपियों पर घर की महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का भी आरोप लगाया है। उसका कहना है कि घटना के बाद पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों को सरोजनीनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाकर उनका इलाज कराया। उधर इस मामले में बंथरा थाना प्रभारी हेमंत राघव का कहना है कि लूट का आरोप बिल्कुल फर्जी है। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों में ताड़ी पीने के बाद मारपीट हुई है। इंस्पेक्टर का कहना है कि मामले की जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# ईमानदारी एवं निष्ठा से किये गये काम में मिलती है सफलता : पीके अरोड़ा

● राजकीय आईटीआई (विश्व बैंक महिला) में निसबड द्वारा उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर-लखनऊ। भारत सरकार के उद्यमशीलता मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (निसबड) के वरिष्ठ परामर्शदाता पीके अरोड़ा ने कहा कि अधिकतर युवा अपना उद्यम व्यवसाय शुरू करने से पहले ही असफल होने के डर से अपना विचार बदल देते है। लेकिन पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ किये गये काम में सफलता जरूर मिलती है। श्री अरोड़ा बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (विश्व बैंक महिला) में निसबड द्वारा आयोजित दो साप्ताहिक उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व हमारे देश में मनाया जाता है लेकिन लाइटें, खिलौनी व आतिश बाजी का सामान दूसरे देशों से बनकर आता है। इसी प्रकार होली का त्यौहार भी हमारा है लेकिन रंग-गुलाल अन्य देशों से बनकर आता है। उन्होंने कहा कि अब यह सब हमारे देश में बनने लगा है। इससे जहां देश में बेरोजगारी की समस्या दूर हो रही है, वहीं देश वासियों को स्वदेशी सामान भी मिल रहा है। कार्यक्रम में मौजूद राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (विश्व बैंक महिला) की प्रधानाचार्या इं0 शिवानी पंकज ने कहा कि इस उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियां को उद्यम शुरू करने में आने वाली परेशानियों से निपटने, पूंजी की व्यवस्था करने में सरकार की योजनाओं का सहयोग लेने, नया उद्यम शुरू करने पर मिलने वाली छूट की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रतिभागी अपना व्यवसाय शुरू करें और समस्या आने पर आईटीआई एवं निसबड के अधिकारियों से संपर्क कर सकेते है। विभाग द्वारा उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# कनिष्ट लिपिक क्वार्टर का ताला तोड़ ले उड़े कीमती गहने नकदी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित आर डी एस ओ हॉस्पिटल में कनिष्ट लिपिक के पद पर कार्यरत कर्मचारी के आर डी एस ओ कालोनी स्थित सरकारी क्वार्टर मे लगे ताला तोड़कर घुसे चोरों ने पूरा घुर खंगालने के साथ अलमारी के लाकर का ताला तोड़कर कीमती गहने सहित हजारों की नकदी चोरी कर फरार हो गए। जिसकी जानकारी होने पर पीड़ित ने चोरी की जानकारी पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर देने के साथ स्थानीय थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की। वही मानक नगर पुलिस ने घटना के चार दिन बाद पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज नही किया। मुकदमा दर्ज कराने के लिए पीड़ित थाने के चक्कर लगाने को मजबूर है। आर डी एस ओ कॉलोनी स्थित क्वार्टर में रहने वाले राज कुमार पुत्र स्वर्गीय राम कुमार ने बताया कि वह आर डी एस ओ हॉस्पिटल में कनिष्ट लिपिक के पद पर कार्यरत हैं।उक्त मकान में अपनी माँ सविता के साथ रहता है और उसके दादा दादी गोमती नगर में रहते हैं। बीते 19 मई को वह अपनी माँ सविता के साथ गोमती नगर गया था और देर शाम घर लौटा तो उसके क्वाटर का ताला टूटा हुआ था और लाकर में रक्खा ज्वेलरी सहित 50 हजार रुपये की नकदी गायब थी और सारा सामान अस्त व्यस्त पडा हुआ था। जिसकी जानकारी उसने पुलिस को कन्ट्रोल नम्बर पर दी। वही पीड़ित का कहना था कि कन्ट्रोल नम्बर की सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की थी। लेकिन उसके बावजूद भी स्थानीय थाने की पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बजाय उसे जांच के नाम पर टरका रही है। वही पीड़ित के मुताबिक उसके लाकर से करीब एक लाख रुपये की ज्वेलरी सहित 50 हजार रुपये की नकदी चोरी गई है ।

### रुपया दो गुना करने का प्रलोभन दे हजारो रुपए ठगे

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ . कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के स्नेह नगर में रहने वाले एक युवक को साइबर जालसाजों ने व्हाट्सअप कॉलिंग के माध्यम से टेलीग्राम एप्प पर निवेश करने पर दुगुना मुनाफे का लालच दे 40 हजार रुपए हड़प लिऐ पीड़ित युवक ने अपने साथ ठगी का एहसास होने पर स्थानीय थाने पर शिकायत की है कृष्णा नागा थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड स्नेह नगर निवासी आदित्य भारती पुत्र शिवलाल के मुताबिक उनके पास एक नंबर से व्हाट्सअप कॉल आयो जिसपर बातचीत के दौरान कॉलर ने टेलीग्राम एप्प माध्यम से निवेश करने की बात कह रकम दुगुना वापसी का प्रलोभन दिया जिस बहकावे में वह आ गया और यूपीआई के माध्यम से 40 हजार रुपये निवेश कर दिए लेकिन उसका पैसा वापस नहीं आयो अपने साथ ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने स्थानीय थाना कृष्णा नगर में मोबाईल नंबर आधार पर शिकायत की है पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर धोखाधड़ी और ठगी के आरोप में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है

# जालसाज ने एटीएम कार्ड बदलकर खाते से 37 हजार रुपये की रकम करी पार

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर में बीते दिनों एटीएम कार्ड से पैसे निकालने गए व्यक्ति को एक जालसाज ने बैलेंस पर्ची निकालने का झांसा देकर उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और बाद में उसके खाते से 37 हजार रुपये की रकम पार कर दी। जानकारी होने के बाद पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। सरोजनीनगर के नारायण पुरी, मानस नगर निवासी बलदेव प्रसाद कुरील के मुताबिक बीती 7 मई को वह अपनी बेटी मीना के एटीएम कार्ड से शाम को करीब 5:45 बजे एटीएम से 3 हजार रुपये निकालने गए थे। जहां मौजूद युवक ने उनसे कहा कि आपने पर्ची नहीं ली है। इस पर बलदेव एटीएम बूथ में एटीएम कार्ड लगाकर पर्ची निकालने लगे। लेकिन मौजूद युवक ने पर्ची सही नहीं बताते हुए बलदेव से एटीएम मशीन में पुनः कार्ड लगाकर पिन नंबर डालने को कहा। उसने कहा कि तभी सही पर्ची निकल आएगी। बलदेव का कहना है कि इस बीच निकली पर्ची को वह देखने लगे और तभी युवक ने उनका एटीएम कार्ड निकाल कर दूसरा एटीएम कार्ड पकड़ा दिया। लेकिन बलदेव समझ नहीं पाए और घर चले गए। घर पहुंचने पर रात करीब 10 बजे उन्होंने देखा तो वह एटीएम कार्ड किसी सरिता कनौजिया नाम से था। इस पर बलदेव को संदेह हुआ और उन्होंने अपना फोन चेक किया तो दो बार में खाते से 12 हजार रुपये निकलने का मैसेज मिला। अगले दिन सुबह वह कानपुर रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच पहुंचे। जहां शिकायत करने पर अधिकारियों ने जिस ब्रांच में खाता है, वहां जाने को कहा। लेकिन इसके बाद फिर तीन बार में उनके खाते से 25 हजार रुपये निकलने का मोबाइल पर मैसेज आया। जिससे परेशान होकर पीड़ित ने सरोजनीनगर थाने में मामला दर्ज कराया है। फिलहाल पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर एटीएम बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे के जरिए जालसाज की तलाश कर रही है।

## खबर का असर

# अवैध खनन की जांच करने पहुंची राजस्व व खनन की संयुक्त टीम

● एडीएम प्रशासन की फटकार के बाद अवैध खनन की जांच करने पहुंचे राजस्व व खनन की संयुक्त टीम, कार्यवाही के लिये एसडीएम को सौपी रिपोट

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। हुलासखेड़ा गांव में किसान के खेत से रात के अधेंरे में बिना परमिशन कराये खनन माफिया द्वारा अवैध मिट्टी खनन किये जाने की समाचार पत्रो में छपी खबरो को बुद्ववार को अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा०शुभी सिंह ने संज्ञान में लेकर मोहनलालगंज एसडीएम व खनन इंस्पेक्टर को मौके पर जाकर जांच कर अवैध खनन करने वालो के विरूद्व कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिये।एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा के निर्देश पर खनन इंस्पेक्टर डी के आर्या व नायाब तहसीलदार भानु प्रकाश त्रिपाठी समेत राजस्वकर्मी विशाल सिंह व महताब अली ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की तो किसान लवकुश की तीन बीघे कृषि योग्य भूमि से बिना सरकारी परमिशन कराये अवैध रुप से खनन किया जाना पाया।खनन व राजस्व टीम ने जांच के बाद आगे की कार्यवाही के लिये एसडीएम को रिपोट सौंपी हैं।एसडीएम बृजेश कुमार वर्मा ने बताया जांच में बिना सरकारी परमिशन कराये अवैध रूप से किसान के खेत से मिट्टी खनन किया गया है,सम्बंधित खेत के मालिक को नोटिस जारी कर जबाब तलब करने के साथ ही जुमार्ने की कार्यवाही की जायेगी।वही खनन करने वाले लोगो को चिन्हित कर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

# अधिवक्ता ने पड़ोसी पर घर से गहने चोरी करने का लगाया आरोप,मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के अवध विहार कॉलोनी स्थित मदीना मस्जिद के पास रहने वाली महिला अधिवक्ता सना अंसारी ने पड़ोसी एजाज के खिलाफ चार दिन पहले घर में रखे लाखों रुपए कीमत के गहने चोरी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अधिवक्ता सना अंसारी का कहना है कि बीती 18 मई को दिन में वह काम से बाहर गई थी। जबकि घर पर उनकी मां और भाई भाभी थे। सना का कहना है कि इसी बीच अपराह्न करीब 3 बजे पड़ोस में किराए पर रहने वाला एजाज उनके घर पहुंचा। उस समय सना की मां सो रही थी। तभी एजाज ने सना के बड़े भाई मो. शोएब अंसारी से चाय पिलाने के लिए कहने लगा। इस पर शोएब दूसरी मंजिल पर चले गए। जबकि एजाज नीचे के फ्लोर में ही बैठा रहा। आरोप है कि इसी दौरान नीचे के फ्लोर में किचन के अंदर घुसकर एजाज ने वहां रखे करीब ढाई लाख रुपए कीमत के गहने चोरी कर लिए और फरार हो गया। बाद में जानकारी होने के बाद सना अंसारी ने घटना की सूचना सरोजनीनगर पुलिस को दी। पुलिस नाम जद रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही है।

### बैखोफ चोरो ने नगदी व जेवरात उड़ाये

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिसेंडी गांव निवासी विनीत कुमार की पत्नी पूजा ने बताया बीते सोमवार की सुबह 11बजे के करीब अपने पूरे परिवार संग मतदान करने पोलिंग बूथ पर गयी थी,मौके का फायदा उठाते हुये बैखोफ चोरो ने घर के पिछले गेट का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोर कमरो में रखी तीन अलमारियो व बक्सो के ताले तोड़कर उसमें रखे एक लाख तीस हजार रुपए व लाखो कीमत के सोने- चांदी के जेवरात चुरा ले गयें,वोट डालकर परिवार के सदस्यो के साथ जब साढे तीन बजे के करीब वापस घर लौटने पर कमरो व उसके अंदर रखी अलमारियो के ताले टूटे व सामान बिखरा देखा तब चोरी की घटना का पता चला?।जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को चोरी की घटना की सूचना दी।जिसके बाद मौके पर पहुंची सिसेंडी चौकी पुलिस छानबीन कर वापस लौट गयी।पीड़िता ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस से लिखित शिकायत कर अज्ञात चोरो पर कार्यवाही किये जाने की मांग की।इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़िता के द्वारा दी गयी तहरीर पर अज्ञात चोरो पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

# नो एंट्री में बड़े वाहनों को खुद एंट्री कराते हैं यातायात पुलिस कर्मी

● नो एंट्री में चल रहा एंट्री का खेल

अमन लेखनी समाचार



सरोजनी नगर, लखनऊ।बंथरा इलाके के जुनाबगंज तिराहे पर जाम ना लगे इसके लिए यातायात पुलिस कर्मियों को लगाया गया मगर यहां पर तो मामला उल्टा ही नजर आता है सुबह 6:00 बजे के बाद नो एंट्री लग जाती है पर यहां पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रक डंपर जैसे बड़े वाहनों को सुविधा शुल्क लेकर बड़े आराम से पार करा देते है यह नजारा सुबह 6:00 बजे के बाद कभी भी देखा जा सकता है नाम न छापने के शर्त पर एक वाहन स्वामी ने बताया कि जब हमें अपने ट्रक को निकालना होता है तो उसकी एवज में यातायात पुलिस कर्मी को ?300 से लेकर ?500 देना पड़ता है यह शुल्क सिर्फ नादरगंज जाने तक ही होता है यह तो सिर्फ एक बानगी है ऐसे कई वाहन स्वामियों को प्रतिदिन सुविधा शुल्क देकर ही गुजरना पड़ता है इसीलिए अक्सर लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है सूत्रों की माने तो सुबह कुछ वाहनों को जुनाबगंज तिराहे से पहले खड़े कर दिए जाते हैं जो कुछ देर बाद उन्हीं का एक आदमी आकर यातायात पुलिस कर्मियों से साठ गांठ कर एक-एक वाहन को नो एंट्री होने के बावजूद भी निकलवाना शुरू कर देते हैं क्षेत्र में तैनात आलाधिकारी इस नजारे को कभी भी देख सकते हैं लेकिन देखें क्यों जब सैंया भए कोतवाल तो डर काहे का अब देखना है की अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हैं या ठंडे बस्ते में डाल देते हैं।

# राम जनम के हेतु अनेका,परम बिचित्र एक ते एका

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। कालेबीर बाबा मंदिर प्रांगण में चल रही श्री रामकथा में चौथे दिन बुद्ववार को कथा व्यास मारुति नंदन जी महाराज ने शिव-पार्वती संवाद, नारद अभिमान, मनु सतरूपा तप, प्रताप भानु की कथा और श्री राम जन्म कथा का संगीतमय मनोहारी वर्णन किया।कथा व्यास मारूति नन्दन जी महाराज ने माता पार्वती द्वारा भगवान भोलेनाथ से श्री राम कथा सुने जाने तथा देवर्षि नारद द्वारा भगवान विष्णु को श्राप दिए जाने की कथा का वर्णन करते हुए श्री राम जी के अवतार के विभिन्न कारणों पर बाबा तुलसी की निम्नलिखित चौपाइयों का सरस, संगीतमय गायन किया।₹ राम जनम के हेतु अनेका, परम बिचित्र एक ते एका। द्वारपाल हरि के प्रिय दोऊ, जय अरु बिजय जान सब कोऊ। नारद श्राप दीन्ह एक बारा, कलप एक तेहि लगि अवतारा । कथा व्यास द्वारा मनु और शतरूपा द्वारा अयोध्या नगरी में राजा दशरथ और माता कौशल्या के रूप में जन्म लेने, रावण , कुम्भकरण तथा विभीषण जन्म की कथा के साथ ही महाराज दशरथ द्वारा गुरु वशिष्ठ से पुत्र प्राप्ति हेतु प्रार्थना किए जाने, गुरु वशिष्ठ द्वारा ऋंगी ऋषि से पुत्र कामेष्ठि यज्ञ कराए जाने तथा श्री राम सहित चारों भाइयों के प्राकट्य की कथा का मनोहारी वर्णन करते हुए " भये प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी " गाकर सभी भक्तौं को भावविभोर किया गया।संगीतकार यज्ञ शरण मिश्रा, रितेश मिश्रा और हर्ष द्विवेदी द्वारा विभिन्न भजनों और श्री राम जन्म की बधाइयां गाकर भक्त जनों को खूब आनन्दित किया गया जिसमें बूटी हरि नाम की सबको पिलाके पी, हर हर बम बम जय शिव शंकर पार्वती के प्यारे, लाला जनम सुन आई कौशिल्या मैया दे दो बधाई और बधैया बाजे अंगना में सुन कर भक्त जन भाव-विभोर होकर झूम उठे।कथा में समिति के अध्यक्ष हरि गोविन्द मिश्र, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला शुक्ला, कोषाध्यक्ष विजय द्विवेदी,रमा शंकर शुक्ला, देवी शंकर त्रिवेदी,अजय शुक्ला,बसन्त मिश्रा,पत्रकार अखिलेश द्विवेदी, ललित दीक्षित, राघवेन्द्र तिवारी, मनोज यादव, कथा व्यवस्थापक कृष्णा नंद जी महाराज एवं राजकुमार अवस्थी समेत काफी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

# तमंचे से हवाई फायरिंग करते चार दोस्तों का वीडियो हुआ वायरल

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ . चार दोस्तों द्वारा रात के समय मुहं में सिगरेट से धुएं का छल्ला उड़ाते हाथ में देशी तमंचा लिए लोड कर तमंचे से हवाई फायरिंग करते हुए दबंग किस्म के धुन पर रील बना अपलोड वीडियो बुधवार को सोसल मिडिया पर जमकर वायरल हो गयो वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि उनमे से एक युवक मोटरसाइकिल पर विराजमान है बाकी तीन दोस्त खड़े है और मस्ती में धुएं का छल्ला बना उड़ा रहे है उनमे से एक युवक हाथ में देशी तमंचा लिया हुआ है और तमंचे को लोड कर हवा में हवाई फायरिंग कर रहा है और बन्दे मारे से बन्दुक सब जानते फिल्मी गाने पर रील बना इंस्टाग्राम पर अपलोड कर दिया अपलोड वीडियो सोसल मिडिया पर वायरल हो गयो वायरल वीडियो को पुलिस अधिकारियो ने संज्ञान में लेते हुए कार्यवाई के निर्देश दिए है वायरल वीडियो पर आशियाना इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो व युवको का पता लगाया जा रहा है जल्द ही युवक पुलिस के गिरफ्त में होंगे

# लखनऊ में पुलिस व बदमाशों के बीच मुठभेड़

### अंधाधुंध फायरिंग में हिस्ट्रीशीटर के पैर में लगी गोली, गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। हिस्ट्रीशीटर नितिन कुंडी और उसके साथी ने रविवार देर रात विधि छात्र सतपाल की कार पर ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। बुधवार सुबह चिनहट में दयाल फार्म के पीछे हिस्ट्रीशीटर नितिन और उसके साथी से चिनहट पुलिस की मुठभेड़ हो गई।

मुठभेड़ में नितिन कुंडी के पैर में गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। घायल नितिन को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि नितिन चिनहट का रहने वाला है। रविवार देर रात सतपाल और उसके दो साथी कार से लौट रहे थे। इस बीच नितिन ने मटियारी रोड पर ताबड़तोड़ उसकी कार पर फायरिंग की थी। हालांकि गोली किसी को नहीं लगी थी। कार में छेद हो गए थे। रविवार सुबह नितिन और उसका साथी बिना नंबर की कार से जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। पुलिस ने दयाल फार्म के पास घेराबंदी की तो कार सवार दोनों लोग भागने लगे। पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में पैर में गोली लगने से एक घायल हो गया। घायल की पहचान नितिन के रूप में हुई। रविवार को हुई फायरिंग के बाद भागते हुए नितिन ही सीसी फुटेज में दिखा था। मौके से पिस्टल भी बरामद हुई है।

### विवाहिता ने ससुरालीजनों के खिलाफ गाली गलौज और अश्लीलता करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बिजनौर के न्यू गुड़ौरा निवासी विवाहिता रिंकी ने अपने जेठ प्रवीन और ससुर देशराज यादव के खिलाफ गाली गलौज, प्रताड़ना और अश्लीलता करने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिंकी का कहना है कि प्रवीन और देशराज उसे घर से निकलने की नीयत से उसके साथ अक्सर गाली गलौज और प्रताड़ित करते हैं। आरोप लगाया कि प्रवीन अक्सर अभद्रता करने की कोशिश करता है। इसके अलावा देशराज घर से बेदखल करने की बात कहते हुए प्रवीन का पक्ष लेने के साथ ही अपनी संपत्ति में किसी प्रकार का हिस्सा न देने की धमकी देते हैं। फिलहाल बिजनौर पुलिस रिंकी की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

## संक्षेप

### मंडी के कारण मार्ग पर लगता है आए दिन जाम

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के संडीला रोड स्थित नवीन मंडी स्थल में तरबूज की अधिक आवक होने के चलते आए दिन लोगों को जाम का कई घंटे का सामना करना पड़ता है इसमें स्कूली बसें तथा एंबुलेंस भी फंसी रहती हैं जिम्मेदार अधिकारी बेखबर हैं। नगर के संडीला रोड स्थित नवीन मंडी स्थल में आए दिन तरबूज की अधिक आवक आ जाने से से लोगों को कई घंटे जाम का सामना करना पड़ता है स्कूली बसें भी इस जाम में कई घंटे फंसी रहती हैं जिससे बच्चों को आए दिन स्कूल जाने में देरी हो जाती है और एंबुलेंस भी कई घंटे इस जाम में फंसी रहती हैं और मरीज उस एंबुलेंस में तड़पता रहता है आए दिन इस तरीके का जाम तरबूज के कारण लगा रहता है सड़क किनारे उल्टा सीधा गाड़ी खड़ी कर देते हैं और अतिक्रमण फैला देते हैं जिससे कई घंटे जाम का सामना लोगों को करना पड़ता है काफी मशक्कत के बाद जाम खुल पाता है तब जाकर आवागमन शुरू हो पता है जिम्मेदार अधिकारी जानकर भी अंजान बने हुए हैं।

### ट्रक की टक्कर से मां बेटा घायल, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना क्षेत्र के ऊंचगांव बक्सर रोड पर बाइक सवार लोगों को पीछे से आ रहे हैं तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। बारा सगवर थाना क्षेत्र के ऊंचगांव चौकी के अंतर्गत बिहार बक्सर मार्ग में एक परिवार मोटरसाइकिल से गांव पुरौना थाना बारा सगवर से बक्सर जा रहे थे जगतपुर गांव के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक यूपी 41 ए टी 5175 ने मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर लगने से पूरा परिवार रोड में बिखर गया। जिससे शशि पत्नी विजय पाल व साहिल पुत्र विजय पाल को गम्भीर चोटे आयी ग्रामीणों तत्काल प्रभाव से ट्रक को पकड़ लिया। और पुलिस को सूचना की मौके पर मै पुलिस बल के साथ पहुंचे ऊंचगांव चौकी प्रभारी ने घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया तथा ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

### विद्युत शॉर्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

बीघापुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेलहा दयालगंज निवासी दिनेश कुमार पुत्र ठाकुर का कृषि समरसेबल गांव से लगभग 500 मीटर दूर पर है जहां किसान के द्वारा झोपड़ी रखी हुई है झोपड़ी के पास ही विद्युत ट्रांसफार्मर व विद्युत स्टार्टर पानी लगाने हेतु पाइप व अन्य उपकरण रखे थे बुधवार दोपहर को विद्युत सार्ट सर्किट होने से झोपड़ी में अचानक आग लग गई जिससे झोपड़ी सहित झोपड़ी के अंदर रक्खा विद्युत उपकरण व अन्य सामान जलकर राख हो गया यह जानकारी स्वयं समरसेबल मालिक ने दी।

# जिला विद्यालय निरीक्षक ने बंदिश न लगाई तो जनपद में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमराज सिंह गौर ने कहा की अधिनियमित व्यवस्था के विपरीत जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव मनमानी पर उतारू हैं गौड़ ने कहा किशिक्षक हितों के विपरीत आचरण में जिला विद्यालय निरीक्षक उन्नाव नेबंदिश न लगायी तो उन्नाव जनपद में बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी जिला विद्यालय निरीक्षक की होगी

गौर ने कहा कि 21 म ई से 30 जून तक माध्यमिक विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश होने की अधिनियमित व्यवस्था है ग्रीष्मावकाश किसी का उपहार नहीं है और इस ग्रीष्मावकाश में माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों की उच्चतर परीक्षाओं में स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में ड्यूटी लगाना नियम संगत नहीं है सरासर जिला विद्यालय निरीक्षक की हठ धर्मिता है उन्होंने जिला अध्यक्ष चुनाव जिला मंत्री तथा कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी सदस्यों से कहा है कि इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक को एक विधिक नोटिस दें तथा जिलाधिकारी निदेशक माध्यमिक शिक्षा शिक्षा मंत्री तथा मुख्यमंत्री को जिला विद्यालय निरीक्षक की हठ धर्मिता के खिलाफ लिखित रूप से आवेदन प्रेषित करें प्रदेश कार्य समिति के सदस्य कौशल किशोर मिश्रा उमाशंकर तिवारी सतीश चंद्र मिश्र हनुमत सिंह जिला अध्यक्ष शिवभान सिंह जिला मंत्री दिनेश गुप्ता उपाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष शैलेश पाल ऑडिटर आरपी धारिया इत्यादि ने जिला विद्यालय निरीक्षक के इस तुगलकी आदेश को अभिलंब वापस लेने की पेशकश की और ऐसा न करने पर जोरदार आंदोलन करने की घोषणा भी की।

# मॉडिफाई करा कर चोरी की बाइक से घूम रहे युवक को पकड़ा, पूंछताछ में जुटी पुलिस

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के तहसील गेट से पांच माह पूर्व चोरी हुई बाइक के साथ युवक पकड़ा गया। युवक बाइक को मॉडिफाई कर क्षेत्र में चला रहा था। जिसको लेकर कोई बाइक मालिक पहचान न कर सके। वहीं बाइक स्वामी ने बताया की बाइक के रिम से पहचान कर फिर नंबर मिलान किया। युवक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बता दें की बीते 13 जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के सकहन राजपूतान निवासी आकाश रावत अपनी बहन की बाइक से निजी काम को लेकर तहसील आया था। बाइक तहसील गेट के पास खड़ी कर काम कराने लगा था। उसके बाद थोड़ी देर बाद बाइक मौके पर नही मिली जिसकी शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी। आज आकाश रावत को सफीपुर स्थित संजय टी स्टॉल के पास एक बाइक दिखी जिस पर उसे सक हुआ और बाइक रोक कर देखा। और बाइक चालक से पूंछा तो वह गुमराह करने लगा। जिसको लेकर नंबर चेक किया। और अपनी आरसी से मिलान किया, तो बाइक बहन की ही निकली। जिसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर पूंछताछ शुरू कर दी है। पकड़े गए युवक ने बताया की वह थाना फतेहपुर चौरासी क्षेत्र सैंता गांव के एक युवक से दो हजार रूपए में खरीदा था। वही युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र पाल निवासी रोलिया मुंडा थाना आसीवन बता रहा है प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसा युवक, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात कारणों के चलते 36 वर्षीय युवक गंभीर रूप से आग की लपटों से झुलस गया। जिसे परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गम्भीर हालत में कानपुर हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। बांगरमऊ क्षेत्र के फरीदपुर कट्टर गांव निवासी विमल 36 वर्ष पुत्र मुन्नू सिंह संदिग्ध परिस्थितियों में आग से गम्भीर रूप झुलस गया। भाई धीरू सिंह व अन्य परिजनों ने आज बुधवार दोपहर उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। गंभीर झुलसे युवक के परिजनों द्वारा कोई भी जानकारी बताने से इंकार कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक विवाहित है। आकस्मिक ड्यूटी पर तैनात डॉ सुनील राठौर ने बताया कि युवक के केरोसिन तेल की बदबू आ रही है। जिसके कारण वह आज से लगभग 74% झूलस चुका है। जिसे गंभीर हालत में कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार युवक का गला गले में पहने चैन से कट गया। जिससे वह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से डॉक्टर ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम सैदापुर निवासी सुभाष 35 पुत्र शिवशंकर क्षेत्र के आलमपुर रेतवा गांव में स्थित मैदा मिल में नौकरी करता है। आज शाम वह अपनी बाइक लेकर उन्नाव हरदोई मार्ग से बांगरमऊ की ओर आ रहा था। तभी किरण पेट्रोल पंप के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक के गले मे पहने चैन से गला कट गया। और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों ने 108 पर सूचना देकर उसे बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# संपत्ति के लिए दामाद ने की ससुर की हत्या

**छोटे भाई के साथ मिलकर हथौड़े से किया हमला, धारदार हथियार भी मारा**

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर, फतेहपुर में विगत 18 मई के दिन एक अज्ञात व्यक्ति के हत्या युक्त मिले शव के मामले में पुलिस ने मृतक की शिनाख्त करते हुए खुलासा किया है। हत्या के मामले में मृतक के दामाद और उसके छोटे भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दामाद के छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी अभी फरार चल रहा है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथौड़ा और धारदार हथियार बरामद किया है। पुलिस लाइन परिसर के मनोरंजन कक्ष में हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि 18 मई के दिन कल्याणपुर थाना क्षेत्र के महरहा गांव के रहने वाले सत्येंद्र सोनकर के बाग में जामुन के पेड़ के नीचे एक अज्ञात 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव मिला था। मृतक की शिनाख्त छोटे दामाद राम सागर ने रमेश पटेल निवासी बडौरी थाना कल्यानपुर के रूप में करते हुए अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। हत्या के खुलासा के लिए एसओजी टीम सहित तीन टीमों को लगाया गया था। जांच पड़ताल के दौरान जानकारी हुई कि मृतक ने अपनी चार बेटियों में बड़ी बेटी कमलेश देवी की शादी राजेश पटेल निवासी सुजानपुर थाना ललौली के साथ किया था। दो साल पहले बेटी की कैंसर की बीमारी के कारण मौत हो गई थी। इलाज में दामाद ने एक बीघा जमीन बेचकर पत्नी का इलाज कराया था। लेकिन मृतक ने कहा कि सही इलाज न होने से बेटी की मौत हुई है। मृतक के पास 5 बीघा जमीन था, जिसमें से ढाई बीघा जमीन पहले बेच चुका था और ढाई बीघा जमीन अपनी तीन बेटियों मिथलेश, विमलेश व एथलेश को देने जा रहा था। इसी बीच मृतक बेटी के पुत्र मनीष के जन्मदिन पर माह अप्रैल में मृतक गांव सुजानपुर गया था। जहां पर बड़े दामाद ने हिस्सा देने की बात की तो मृतक ने हिस्सा देने से मना कर दिया।

# अवैध मिट्टी खनन कर रहे की सूचना पर पहुंची पुलिस, जेसीबी को लिया कब्जे में

अमन लेखनी समाचार



हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र जगदीशपुर गांव के बाहर बगैर परमिशन के जेसीबी से मिट्टी खोदकर अलग-अलग जगह पर बेची जा रही थी तभी ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जेसीबी को पकड कर कोतवाली ले आईजगदीशपुर गाँव के बाहर तालाब के पास बुधवार सुबह जेसीबी से मिट्टी खोदकर अलग अलग जगहों पर मिट्टी बेच रहे थे तभी ग्रामीणो ने पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पुलिस पहुँच कर मिट्टी खोद रही जेसीबी को पकड़ कर कोतवाली ले लाई। कोतवाली प्रभारी चन्द्र कांत मिश्र ने बताया कि खनन की कोई परमिशन नही थी लेकिन ठेकेदार जेसीबी से मिट्टी खोदकर बेच रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर मौके से जेसीबी को पकड़ कर लाई गई है अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

# पंडित गोपी नाथ दीक्षित की मनाई गई जयंती

अमन लेखनी समाचार

बांगरमऊ, उन्नाव। विकास पुरुष पण्डित गोपीनाथ दीक्षित की जन्म शताब्दी नगर के लखनऊ रोड स्थित गेस्ट हाउस में धूमधाम से मनाई गई। उनकी पुत्री आरती बाजपाई ने उनके चित्र पर तिलक लगा माल्यार्पण किया। इसके पश्चात समारोह में आए क्षेत्र के वरिष्ठ लोगो ने पुष्प अर्पित कर उनको याद किया।

इस अवसर पर आए सैंकड़ों लोगों ने पण्डित जी के जीवन एवम उनके कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा जिले में विकास की जो रूपरेखा उन्होने खींची थी वह आज जिले की पहचान बन गई है। अग्निशमन केन्द्र, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर, जवाहर नवोदय विद्यालय, इन्दिरा गांधी डिग्री कॉलेज, गंगा नदी पर पुल, सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, दूध डेयरी, सई नदी का पुल, आदि का निर्माण उन्ही की देन हैं। इसी के चलते बांगरमऊ की जिले में अलग पहचान बनी। एडवोकेट शैलेन्द्र शुक्ला ने कहा पण्डित जी के जैसा कर्मठ, दृढ़ संकल्पी, मेहनतकश व ईमानदार नेता मैंने आज तक नहीं देखा। उनकी ललक हमेशा जन कल्याणकारी रही। यही कारण है कि उनके समय में हुए विकाश कार्य आज भी क्षेत्र की पहचान बने हुए हैं। उनके बाद से विकास की कोई रूपरेखा ही नहीं बनी। इस मौके पर विनोद दीक्षित, आशीष त्रिपाठी, पण्डित ऋषि कांत मिश्र शास्त्री, विदुषी बाजपाई, सहित तमाम लोगों ने स्व दीक्षित के संसमरनो पर प्रकाश डाला। संचालन आरती बाजपाई ने किया।

# अवैध तमंचा कारतूस समेत दो युवक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार




सफीपुर, उन्नाव। गस्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना पर बाइक सवार दो युवकों को पुलिस ने हिरासत में कर जामा तलाशी ली तो युवकों के पास अवैध तमंचा व कारतूस बरामद कर दोनो आरोपियों को जेल भेज दियाथाना आसीवन के उप निरीक्षक महेंद्र सिंह अपने हमराहियो के साथ थाना क्षेत्र के आदर्श मान शिला मंदिर के पास वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी मुखबिर ने सूचना दी की मुंशीगंज की तरफ से बिना नंबर पलेट की बाइक से दो युवक अवैध तमंचा लेकर जा रहे हैं पुलिस ने आनन मुंशीगंज तिराहा के पास पहुंची पुलिस को देखते ही दोनो युवक भागने का प्रयास करने लगे पुलिस ने घेरा बंदी कर दोनो को धर दबोचा और जामा तलाशी ली दोनो के पास एक एक अवैध 315 बोर का तमंचा एक एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ पकड़े गए युवकों ने अपना नाम सूरज पुत्र लल्लन सिंह पुत्र रतना गढ़ी थाना माखी दूसरे ने रजत सिंह उर्फ पिंटू पुत्र गिरेंद्र सिंह निवासी सैफई विधूना जनपद कानपुर बताया दोनो आरोपियों के जेल भेज दिया गया।

# खड़ी रोडवेज बस में पीछे से घुसी कार, दो की मौत, तीन घायल

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र के लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे स्थित कोयलिया खेड़ा गांव के पास बुधवार को खड़ी रोडवेज बस में पीछे से आ रही कार के टकराने से चालक समेत दो की मौत हो गई हादसे में कार सवार तीन लोग जख्मी हो गए जानकारी पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम घायलों को सीएससी भेजा जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार को बाद घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। औरास थाना क्षेत्र कोयलिया खेड़ा गांव के पास लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे दिल्ली से लखनऊ जा रही कार आगे खड़ी रोडवेज बस से जा टकराई हादसे में कार में सवार पांच लोग घायल हो गए जानकारी होते ही यूपीडा रेस्क्यू टीम में मौके पर पहुंच कर कार में सवार घायलों को बाहर निकाल औरास सीएससी पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने कन्नौज थाना तिर्वा के मौलवी गांव के रहने वाले कार चालक मारूफ पुत्र इसरत अली लखनऊ थाना दुबग्गा सिकरौनी गांव निवासी लुकमान पुत्र आशिक अली को मृत्यु घोषित कर दिया वहीं हादसे के समय कार में सावर लखनऊ थाना दुबग्गा सिकरौनी गांव निवासी घायल सबीना पत्नी लईक रूही पुत्र आसिद व डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर हालात नाजुक देख लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जानकारी पर पहुंची औरास पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को हुई तो वह सीधे पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे शव देखकर बेहाल होते रहे।

# मिर्जापुर में महिलाओं ने शराब की दुकान पर बोला धावा

## जलाया 1.26 लाख की शराब, बोली- बड़ों के साथ बच्चों को शराब की लत लगने लगी थी

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुर के चील्ह थाना क्षेत्र के सारीपट्टी गांव में 40 पेटी शराब महिलाओं ने जला दिया। जिसकी कीमत 1.26 लाख बताया गया है। देशी शराब की दुकान से घर में शराबियों की बढ़ रही संख्या और छींटाकसी से परेशान महिलाओं ने विरोध के बावजूद दुकान न हटाए जाने पर आंदोलन पर उतर आई। महिलाओं के विरोध के बीच पुरुष मूक दर्शक बने रहे। सेल्समैन भी महिलाओं के आक्रोश को देखते हुए भीड़ का हिस्सा बन गया। सागरपुर गांव के नाम से आवन्टित देशी शराब की दुकान को नियम के विरुद्ध सारीपट्टी गांव में बसंत बिन्द के घर में किराये पर खोला गया हैं। दुकान से सटे प्रजापतिपुर गांव की महिलाओं को वर्षों से पास में शराब की दुकान खुलने पर आपत्ति है। गांव की महिलाओं का आरोप है कि गांव से सटा देसी शराब की दुकान से गांव घर के अभिभावक तथा नाबालिक बच्चों को शराब की लत पड़ गई है। जिसके चलते प्रतिदिन घरों में मारपीट होती रहती है। शराबी शराब के नशे में महिलाओं से आए दिन छींटाकसी करते रहते हैं। शराब की दुकान को हटाने के लिए कई बार कहा गया, लेकिन ररात गई बात गई होता रहा। रोज रोज की किचकिच का कारण बने दुकान पर आक्रोशित महिलाओं ने अंततः हल्ला बोल दिया। आक्रोशित महिलाओं ने देसी शराब के ठेके से निकालकर करीब 40 पेटी देशी शराब दुकान के बाहर सड़क पर रख कर आग लगा दिया। इस दौरान दुकान में महिलाओं के आक्रोश को देख सेल्समैन भी बाहर निकल कर भीड़ का हिस्सा बन गया। महिलाओं ने 40 पेटी देशी शराब को जलाकर नष्ट कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर देशी शराब की अनुज्ञापी रीता दुबे ने थाने में एक नामजद और अन्य अज्ञात महिलाओं के खिलाफ तहरीर दी है। दुकान पर पहुंची महिलाओं ने दुकान के बोर्ड तथा दुकान में तोड़ फोड़ करते हुए दुकान में रखे देशी शराब की होली जलाकर नष्ट कर दिया। दुकान पर महिलाओं और पुरुषों की भारी भीड़ को देखते हुए सेल्समेन संतोष कुमार ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर जब तक पुलिस पहुंचती शराब की शीशीया राख हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने भीड़ को हटाया। गांव में शराब की दुकान के खिलाफ बगावत को देखते हुए गांव में पुलिस बल को तैनात किया गया है।

थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया गया है। थाने पर शिकायत करने के बजाय खुद एक्शन लेना कानूनन अपराध है। तय स्थान के बजाय दूसरे गांव में दुकान खोलनें के बिंदु पर भी जांच किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# कश्मीर को आतंकवाद से मुक्त करना जरूरी

देश में जारी आम चुनाव के दरम्यान कश्मीर में एक घंटे के भीतर दो आतंकी हमले घाटी में चुनाव की फिजा को खराब करने की नापाक कोशिशें हैं। यह कायराना हरकत निंदनीय है, शर्मनाक है। आतंकियों ने टूरिस्ट दंपति और स्थानीय भाजपा नेता को निशाना बनाया है। आतंकियों की कोशिश कश्मीर की शांति को भंग करने की है, पर्यटकों को डराने की है और वहां जारी राजनीतिक कवायद में खलल डालने की है, लेकिन घाटी में आतंकी अपने नापाक मंसूबों में कभी कामयाब नहीं होंगे। अनंतनाग के पहलगाम के पास एक ओपन टूरिस्ट कैंप में आतंकियों ने एक टूरिस्ट पति-पत्नी को गोली मार दी। दंपति राजस्थान के जयपुर के रहने वाले हैं। महिला का नाम फराह और उसके पति का नाम तबरेज है। चार दिन पहले वे करीब 50 लोगों के एक ग्रुप के साथ कश्मीर घूमने गए थे। शोपियां के हीरपोरा में शनिवार रात करीब 10.30 बजे आतंकियों ने लोकल भाजपा नेता ऐजाज अहमद शेख को गोली मार दी। ऐजाज अहमद को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। ऐजाज अहमद पूर्व सरपंच थे। इन दोनों आतंक घटनाओं में मुस्लिम को निशाना बनाया गया है। जम्मू-कश्मीर में दोनों हमले तब हुए है, जब यहां अनुच्छेद-370 हटने के बाद पहली बार लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। 20 मई को पांचवें फेज में बारामूला सीट पर मतदान होना है। 25 मई को छठे फेज में अनंतनाग-राजौरी सीट पर मतदान होगा। उधमपुर और जम्मू में 19 और 26 अप्रैल को वोटिंग हो चुकी है। श्रीनगर में 13 मई को वोटिंग हुई थी। दोनों ही आतंकी घटना दक्षिण कश्मीर में हुई है। भारतीय सेना द्वारा शुरू किया गया ऑपरेशन क्लीन के बाद आतंकवाद दक्षिण कश्मीर तक सीमित हो गया है। यह क्षेत्र एलओसी के पास है। बाकी जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी घटनाओं में काफी कमी आ गई है। अनुच्छेद-370 हटने के बाद से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों की मंशा कश्मीर में अशांति फैलाने की रही है, इसी मंशा के तहत वे स्थानीय दहशतगर्दों की मदद से आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। पूर्व में आतंकियों ने गैर कश्मीरी कामगारों व कश्मीरी पंडितों की सिलेक्टिव हत्या की है। उस वक्त भी वे यही संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में शांति स्थापित नहीं हो सकी है। करीब चार दशक से कश्मीर पाक प्रायोजित आतंकवाद से लहूलुहान है। सेना के ऑपरेशन क्लीन के बाद वहां आतंकी गतिविधियों पर लगाम लगी है, पर पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का खात्मा नहीं हो सका है। पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने आतंकी घटना की निंदा करते हुए कहा कि कश्मीर के पर्यटन उद्योग को खत्म किया जा रहा है। उमर अब्दुल्ला ने भी इस आतंकी घटना की कड़ी निंदा की है, भाजपा ने इस घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। इससे पहले 4 मई को पुंछ में एयरफोर्स जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें एक जवान शहीद हो गया था व पांच जवान घायल हुए थे। जम्मू-कश्मीर सरकार व सेना को चाहिए कि आम चुनाव के दौरान अपने खुफिया नेटवर्क को और सतर्क करे, सीमा पर चौकसी बढ़ाए और आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करे। ऑपरेशन क्लीन को और तेज करने की जरूरत है। चुनाव में खलल डालने की कोशिश कभी कामयाब नहीं होगी, जम्मू-कश्मीर जल्द आतंकवाद मुक्त होगा। वहां सरकार विधानसभा चुनाव कराने की भी तैयारी में है। पाकिस्तान को भी आतंकवाद को लेकर कड़ा संदेश देने की आवश्यकता है। कश्मीर में आतंकवाद को दोबारा सिर उठाने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए।



आम चुनाव

राज कुमार सिंह

इस चुनाव दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12 .88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई।

# कई के सामने अस्तित्व की चुनौती

बेशक अठारहवीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव केंद्रीय सत्ता का फैसला करेंगे। भारतीय जनता पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार की 'हैट्रिक' का नारा दिया है। वैसा हुआ तो विपक्ष की भूमिका में वह कांग्रेस की भी 'हैट्रिक' होगी। दोनों बड़े दलों पर परिणामों का दूरगामी असर पड़ेगा, लेकिन भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस से इतर कुछ दल और नेता तो ऐसे हैं, जिनका भविष्य ही इन चुनावों में तय हो जाएगा। राजनीति में किसी को खारिज नहीं करना चाहिए, लेकिन बदलते परिदृश्य में कुछ नेताओं के लिए ये चुनाव निर्णायक साबित हो सकते हैं। हार के बाद उनका वजूद तो बचा रह सकता है, लेकिन चुनावी राजनीति में प्रासंगिकता शायद ही बचे।

बात बहुजन समाज पार्टी से शुरू कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश में चमत्कारिक रफ्तार से बढ़ी बहुजन समाज पार्टी अपने बूते भी सत्ता तक पहुंची। मायावती ने देश के सबसे बड़े राज्य का चार बार मुख्यमंत्री बनने का करिश्मा कर दिखाया। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा और पंजाब में असर के चलते केंद्रीय सत्ता की चाबी कभी बहुजन समाज पार्टी के हाथ नजर आती थी। बहुजन समाज पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा मिला और मायावती प्रधानमंत्री बनने का सपना देखने लगीं।

मायावती प्रधानमंत्री नहीं बन पायीं, पर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री भी प्रधानमंत्री के बाद दूसरा शक्तिशाली राजनेता माना जाता है। 2019 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी से गठबंधन में 19.3 प्रतिशत वोट की बदौलत 10 सीटें जीतने में सफल बसपा अकेले लड़ने पर 2022 के विधानसभा चुनाव में 12.88 प्रतिशत वोट और मात्र एक सीट पर सिमट गई। जो दस सांसद जीते थे, उनमें से भी ज्यादातर इस चुनाव से पहले हाथी का साथ छोड़ गए। लोकसभा चुनाव भी बसपा अकेले लड़ रही है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने बहुजन समाज पार्टी से दोस्ती की कोशिश की थी। अखिलेश की मानें तो 'इंडिया' मायावती को प्रधानमंत्री बनाना चाहता था। फिर क्यों, 'बहन जी' के संबोधन से लोकप्रिय, मायावती ने 'एकला चलो' का फैसला किया? इस अनुत्तरित सवाल के जवाब में बहुत कुछ छिपा हो सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर सपा-बसपा-रालोद गठबंधन 15 सीटें जीतने में सफल हो गया था, तो बदलते राजनीतिक परिदृश्य में इस बार कांग्रेस के भी साथ होने पर 'इंडिया' उस उत्तर प्रदेश में बड़ी चुनौती पेश कर सकता था, जो भारतीय जनता पार्टी का सबसे बड़ा शक्ति स्रोत है, इसीलिए बहुजन समाज पार्टी पर भाजपा की 'बी टीम' होने के आरोप लग रहे हैं। ऐसे बसपा उम्मीदवारों की सूची लंबी है, जो निर्वाचन क्षेत्र के स्थानीय समीकरणों में सत्तापक्ष के बजाय विपक्ष को नुकसान पहुंचा रहे हैं। आक्रामक भतीजे आकाश आनंद को बीच चुनाव उत्तराधिकारी के साथ ही नेशनल कॉर्डिनेटर पद से हटाने को भी मायावती की अबूझ राजनीति से जोड़ कर देखा जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी की चार दशक की राजनीतिक कमाई क्यों दांव पर



लगाई, यह तो मायावती बेहतर जानती होंगी, लेकिन सिमटता जनाधार उन्हें चुनावी राजनीति में अप्रासंगिक बना रहा है। इस चुनाव में बहुजन समाज पार्टी चमत्कार नहीं कर पाई तो राजनीतिक शोध का विषय बन कर रह जाएगी।

राष्ट्रीय लोकदल का भी सब कुछ इस चुनाव में दांव पर है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से मतभेदों के चलते कांग्रेस से अलग भारतीय क्रांति दल बनाने वाले चौधरी चरण सिंह बाद में प्रधानमंत्री भी बने। हार-जीत होती रही, दल का नाम भी बदलता रहा, पर उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, हरियाणा से भी आगे पंजाब, मध्य प्रदेश और ओडिशा तक फैले उनके जनाधार और क्षत्रपों पर सवालिया निशान नहीं लगा। उनके निधन के बाद, खासकर मंडल-कमंडल के राजनीतिक ध्रुवीकरण के चलते वह जनाधार उनके बेटे अजित सिंह के जीवनकाल में ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों तक सिमट गया। अजित के बेटे जयंत चौधरी में चरण सिंह की छवि देखने वालों को उम्मीदें बहुत थीं, पर उन्होंने जिस तरह विपक्ष से पलटी मार कर मात्र दो लोकसभा सीटों के लिए सत्तापक्ष का दामन थाम लिया, उसके नतीजे किसान राजनीति के सबसे बड़े चौधरी की विरासत का भविष्य भी तय कर देंगे।

वैसी ही चुनौती बिहार में चिराग पासवान के समक्ष है। रामविलास पासवान, लालू यादव और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी चौधरी चरण सिंह की अगुवाई वाली लोकदली-समाजवादी राजनीतिक धारा से निकले। नीतीश की राजनीति लंबी नहीं बची है। लालू के वारिस के रूप में तेजस्वी ने खुद को स्थापित कर लिया है, लेकिन मायावती के अलावा उत्तर भारत में दूसरे बड़े दलित चेहरे के रूप में उभरे पासवान की विरासत पर संकट है। पहले लोक जनशक्ति पार्टी, भाई और भतीजे बीच बंट गई तो अब चुनावी परीक्षा है। चुनाव केंद्र की सत्ता के लिए हैं, पर महाराष्ट्र की राजनीति पर भी परिणामों का गहरा असर होगा। शिवसेना तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से मुख्यमंत्री भी बन गये एकनाथ शिंदे की असली परीक्षा इन चुनावों में है। बेशक सांसद-विधायकों का बहुमत उनके साथ गया। चुनाव आयोग ने उनके गुट को शिवसेना भी मान लिया, पर जन समर्थन का पता चुनावों में चल जाएगा। यही हाल अजित पवार का है।

पांच साल में अपने चाचा शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दो बार तोड़ कर भारतीय जनता पार्टी की मदद से उप मुख्यमंत्री बनने वाले अजित महाराष्ट्र की राजनीति के 'दादा' बन पाए हैं या नहीं—फैसला चुनावों में हो जाएगा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में बनी शिवसेना-राकांपा-कांग्रेस के गठबंधनः महा विकास अघाड़ी की सरकार गिराने और वैकल्पिक सरकार बनाने में भारतीय जनता पार्टी के लिए शिंदे और अजित की उपयोगिता थी। अगर वे चुनावी परीक्षा में फेल हो गए, तो भाजपा उनका बोझ नहीं ढोएगी, क्योंकि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव भी इसी साल अक्तूबर में हैं। अक्तूबर में विधानसभा चुनाव हरियाणा में भी होने हैं, जहां पिछली बार भारतीय जनता पार्टी बहुमत से चूक गई और सत्ता की चाबी नई बनी जननायक जनता पार्टी के हाथ चली गई। उस चाबी के सहारे 10 विधायकों के नेता दुष्यंत चौटाला उप मुख्यमंत्री बन गए, लेकिन इसी साल मार्च में अचानक हुए मुख्यमंत्री- परिवर्तन के क्रम में वह गठबंधन भी टूट गया। दोस्तों में दूरियां इतनी बढ़ीं कि बात भाजपा सरकार गिराने के लिए कांग्रेस से भी हाथ मिलाने तक पहुंच गई है-जबकि खुद अपनी पार्टी बिखराव के कगार पर है। सत्ता की इस चाबी का भविष्य भी इन चुनावों में तय हो जाएगा।

सियासत

डॉ. सौरभ मालवीय



# कायम रहेगा योगी राज

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबंध में दिए गए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के बयान के बाद प्रदेश में सियासी पारा बढ़ गया है। केजरीवाल ने लखनऊ में पुनः दावा किया है कि यदि भाजपा केंद्र की सत्ता में आ गई तो यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह को पीएम बनाने के लिए डेढ़-दो वर्षों से लगे हुए हैं, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने शिवराज सिंह चौहान, वसुन्धरा राजे सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, रमन सिंह और मनोहर लाल खट्टर को पहले ही हटा दिया है। अब अमित शाह के प्रधानमंत्री बनने की राह में केवल योगी आदित्यनाथ ही अंतिम कांटा बचे हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी अगले वर्ष 17 सितंबर को जैसे ही 75 वर्ष के हो जाएंगे, वे पीएम पद छोड़कर अमित शाह को प्रधानमंत्री बना देंगे। इसके पश्चात दो से तीन महीने में योगी आदित्यनाथ को हटा दिया जाएगा। केजरीवाल के इस बयान की प्रासंगिकता पर चर्चा हो रही है या चर्चा में रहने के लिए यह राजनीतिक जुमला मात्र है। वास्तव में केजरीवाल भी जानते हैं कि उनका यह बयान भ्रामक है। वे इस प्रकार के बयान देकर एक ओर तालियां बटोरना चाहते हैं तो दूसरी ओर 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपना रहे हैं। यद्यपि योगी आदित्यनाथ ने केजरीवाल को कड़े शब्दों में उत्तर दे दिया है। उन्होंने बांदा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा- 'केजरीवाल की बुद्धि जेल जाने के बाद फिर गई है। अण्णा हजारे के सपनों पर पानी फेरने वाले केजरीवाल अब मेरा नाम लेकर बातें कर रहे हैं। अण्णा ने जिस कांग्रेस के खिलाफ आंदोलन किया था, केजरीवाल ने उसे ही अपने गले का हार बना लिया है। जेल जाकर उन्हें पता चल गया है कि अब वह कभी जेल के बाहर नहीं आने वाले हैं।' इस बयानबाजी के मध्य प्रधानमंत्री मोदी ने संकेतों के माध्यम से स्पष्ट कर दिया है कि योगी आदित्यनाथ अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे। इससे पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी अपना कार्यकाल पूर्ण करेंगे तथा वर्ष 2029 के बाद भी वे भाजपा का नेतृत्व करते रहेंगे। इस प्रकार अमित शाह ने यह बात स्पष्ट कर दी है कि उनका प्रधानमंत्री बनने का अभी कोई विचार नहीं है। वास्तव में प्रधानमंत्री जानते हैं कि योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में सराहनीय विकास कार्य किए हैं। भारतीय जनता पार्टी ने भी योगी आदित्यनाथ के कार्यों को सराहा तथा उन्हें प्रदेश की बागडोर सौंप दी। लोकसभा चुनाव 2024 पाचवें चरण तक आते आते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 49 दिनों में कुल 111 जनसभाएं सहित 144 जनसभाएं की हैं। इसके अलावा योगी अब तक आठ राज्यों में भी चुनाव प्रचार कर चुके हैं। उल्लेखनीय है कि योगी आदित्यनाथ पार्टी के चाल, चरित्र एवं चेहरे के अनुसार प्रदेश में हिंदुत्व की छवि को और सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उनके कार्य इस बात को सिद्ध करते हैं। चाहे प्राचीन नगरों के नाम परिवर्तित करना हो या काशी विश्वनाथ कॉरिडोर का लोकार्पण करना हो। उनके सभी कार्य इसका साक्षात प्रमाण हैं। उनकी देखरेख में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर राम मंदिर के निर्माण का कार्य चल रहा है। योगी सरकार राज्य के धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों के विकास एवं सौन्दर्यीकरण पर विशेष ध्यान दे रही है।

योगी सरकार ने बौद्ध सर्किट में श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कुशीनगर तथा रामायण सर्किट में चित्रकूट एवं श्रृंगवेरपुर में पर्यटन सुविधाओं का विकास करवाया है। सरकार तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों को अनेक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। योगी सरकार तीर्थ यात्रियों को कई सुविधाएं प्रदान कर रही है। इसके अंतर्गत कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्रियों की अनुदान राशि 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति यात्री की गई है। इसी प्रकार सिंधु दर्शन के लिए अनुदान राशि 20 हजार रुपये की गई। योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यथासंभव प्रयास कर रही है। इसके अंतर्गत गोरखपुर के रामगढ़ ताल में वाटर स्पोर्ट्स, पीलीभीत टाइगर रिजर्व एवं चंदौली में देवदारी राजदारी वाटरफॉल का विकास किया गया। स्पिरिचुअल सर्किट के अंतर्गत गोरखपुरमें पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। जेवर, दादरी, नोएडा, खुर्जा एवं बांदा में भी पर्यटन सुविधाओं का विकास किया गया। विपक्षी सरकार पर भेदभाव के आरोप लगाते रहते हैं.

## जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है



संकलित

दर्शन

जिस प्रकार संपूर्ण जीवन का विकास ऊर्ध्वगामी स्वरूप में होता है, उसी प्रकार मनुष्यों का विकास भी प्रारंभिक मानवीय प्रतिभाओं से आरंभ होकर विकास की उच्चतर अवस्थाओं तक होता है। उनकी क्षमता एक जन्म के बाद दूसरे जन्म में निरंतर और अधिकाधिक विकसित होती रहती है। संपूर्ण मानव जाति विकास एवं प्रतिविकास के चक्रों से गुजरती रहती है, जिन्हें शास्त्रों में युगों के नाम से संबोधित किया जाता है। उनका आरोहण और अवरोहण होता रहता है। इस समय हम एक ऐसे युग में हैं, जो आरोहण की अवस्था में है। दूसरे शब्दों में, वर्तमान काल में जन्म लेने वाले आत्माएं अपने दादा-दादी और परदादा-परदादी की अपेक्षा विकास की उच्चतर अवस्था में हैं।- आज के बच्चों को देखें, उनके अंदर स्वाभाविक रूप से यह भावना है-, 'नहीं, केवल किसी की त्वचा के रंग के कारण मेरे हृदय में उनके प्रति घृणा उत्पन्न नहीं होगी,' और इन बच्चों के हृदयों में एक अन्य प्रकार की मानवीय अज्ञानता के प्रति एक स्वाभाविक अस्वीकृति है, जिसमें संपूर्ण विश्व के सभी देशों में पुरानी पीढ़ियां दृढ़तापूर्वक विश्वास करती थीं। यह लगभग ऐसा है कि जैसे वे पहले से ही थोड़ी-बहुत तैयारी करके आते हैं। मेरे विचार से, जब आपकी आयु मेरी वर्तमान आयु के बराबर होगी, तो संभवतः आप और भी बहुत अधिक विकास को देखेंगे। तब आप पीछे मुड़कर देखेंगे और कहेंगे, 'ओह, उन पिछली पीढ़ियों के लोग ऐसे कैसे हो सकते थे?'

## शुभ कार्य तत्काल करो




संकलित

प्रेरणा

कोई स्त्री अपने पिता के यहाँ से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा–'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डेंगू से बचने-बचाने के लिए गंभीर हों

हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य लोगों को डेंगू से बचने और इस बीमारी से निपटने के प्रति जागरूक करना है। इस वर्ष का थीम है– डेंगू रोकथाम सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी। महामारी हो या अन्य कोई बीमारी, इससे बचने के लिए आमजन को भी गंभीर होना चाहिए, मात्र सरकारों या प्रशासन के भरोसे ही नहीं बैठना चाहिए। हर वर्ष देश के विभिन्न राज्यों में डेंगू अपना कहर बरपाता है। सरकार और प्रशासन भी कुंभकर्णी नींद से तभी जागते हैं जब डेंगू जानलेवा बनने लगता है। प्रशासन को चाहिए कि वह आग लगने के बाद कुआं खोदने की बजाय पहले ही डेंगू को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठा ले। सबसे पहले तो जहां पर भी सफाई व्यवस्था चरमराई हो, वहां पर उसे दुरुस्त करे और फॉगिंग की गाडियां हर क्षेत्र में स्प्रे करें।

*– संजय विश्वकर्मा, महासमुंद*

## करंट अफेयर

### यूक्रेन को लेकर यूरोप अभी भी संकट की स्थिति में

कुछ लोगों का मानना है कि यूक्रेन में युद्ध ने यूरोप को मौलिक रूप से बदल दिया है, जिससे एक अलग तरह की यूरोपीय व्यवस्था ने जन्म लिया है। यानी ऐसा प्रतीत होता है कि यह यूरोप को चलाने और संगठित करने के तरीके में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। रक्षा और सुरक्षा जैसे कुछ क्षेत्रों में यूरोपीय एकीकरण गहरा हो रहा है और यूरोपीय संघ नए सदस्यों को शामिल करने के लिए अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार करने के लिए तैयार है। इसे दर्शाते हुए, यूरोपीय संघ के नेता, राजनेता और लेखक आम तौर पर 2022 के आक्रमण की तुलना 1945 और 1989 के विभक्ति बिंदुओं से करते हैं।



## ऑफ बीट

### धूप का चश्मा खरीदते समय रखें इस बात का ध्यान?

'ऑप्टिशियन' (चश्मा बनाने वाला) को राष्ट्रीय स्वास्थ्य नियमों का पालन करना होता है यानी चश्मा बनाते समय उनके लिए उच्च मानकों का पूरा करना



अनिवार्य है। इसका अर्थ यह है कि पेशेवर ऑप्टिशियन ग्राहकों को अपने लिए ऐसा धूप चश्मा चुनने में बेहतर तरीके से मदद कर सकते हैं जो न केवल उनकी व्यावहारिक जरूरतों को पूरा करता हो, बल्कि आरामदायक भी हो और उनके चेहरे की बनावट के भी अनुकूल हो। सुरक्षा के नियम यूरोपीय कानून धूप के चश्मे के लेंस को 'व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण' के रूप में वर्गीकृत करता है, जिसे सुरक्षा के पांच स्तरों को पूरा करना चाहिए

## ट्रेंड

### पराजित होना तय

टीएमसी, कांग्रेस और वामपंथियों ने पश्चिम बंगाल को भ्रष्टाचार और कुशासन का पर्याय बना दिया है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि उनका पराजित होना तय है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पश्चिम बंगाल के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए समर्पित है।



-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अनुभव को गहरा कर देता

जिसे असफलता माना जाता है, वह आपके अनुभव को अधिक गहरा कर देता है, जिसे आप सफलता मानते हैं। यदि आप जानते हैं कि आपके आस-पास क्या हो रहा है, इसके बावजूद खुद को खुश कैसे रखना है, तो परम मुक्ति से वंचित नहीं किया जा सकता।



-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### ऐतिहासिक गारंटियां

कांग्रेस आपको ऐतिहासिक गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देंगी। 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति की गारंटी। हर ग्रेजुएट एक लाख रू प्रति वर्ष स्टाइपेंड। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून, गिग वर्क फोर्स के लिए पेंशन और सामाजिक सुरक्षा की गारंटी।



-राहुल गांधी, कांग्रेस नेता

### आप सही हैं या गलत

चमकती रोशनी बंद कर दीजिए, आप विचारशील हैं। एक मोमबत्ती बुझा दो, तुम मूड बिगाड़ने वाले हो। कभी-कभी संदर्भ यह निर्धारित करता है कि क्या सही है और क्या गलत।



-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## संक्षेप

### ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

अमन लेखनी समाचार

संभल, संभल में ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे परिजनों का शव देखकर रो-रोकर बुरा हाल हो गया और परिजन बिना किसी कार्रवाई के युवक के शव को वापस घर ले गए। आपको बता दें कि बीती 27 अप्रैल को युवक की शादी हुई थी और पत्नी को बुलाने के लिए वह अपनी ससुराल जा रहा था। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत होने की पूरी घटना संभल के थाना असमोली क्षेत्र के गांव टांडा कोठी के निकट की है। पड़ोसी जनपद अमरोहा के थाना डिडौली क्षेत्र के गांव नूरी निवासी बाइक सवार 25 वर्षीय युवक आरिफ बाइक से अपनी ससुराल सदर कोतवाली संभल क्षेत्र के गांव चिमयावली जा रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सड़क हादसे की सूचना मिलने के बाद थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी युवक के परिजनों को दी। परिजन बिना किसी कार्रवाई के युवक के शव को अपने साथ वापस घर ले गए और सुपुर्दे खाक कर दिया। आपको बता दें कि मृतक युवक की बीती 27 अप्रैल को संभल के गांव चिमयावली निवासी नगमा के साथ शादी हुई थी। उसे बुलाने के लिए वह बाइक से अपनी ससुराल जा रहा था।

### कार का पिछला पहिया निकलने से हादसा

अमन लेखनी समाचार

संभल, संभल में तेज रफ्तार कार का पहिया निकलने से अनियंत्रित होकर गाड़ी सड़क किनारे खंती में पलट गई, जिसमें एक युवक की मौत हो गई। हादसे में चार दोस्त घायल हो गए। सड़क हादसे में युवक की मौत की खबर मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना कोई कार्रवाई के ही मृतक युवक को सुपुर्दे खाक कर दिया। घटना जनपद संभल के थाना असमोली क्षेत्र के मनौटा पुलिस से चौधरपुर मार्ग स्थित गांव चंदवार की है। गांव दारापुर उर्फ दुल्हापुर निवासी 22 वर्षीय नवाजिश ने बीते शनिवार को पुरानी कार खरीदी थी। इसके बाद बीते दिन रविवार को अपने दोस्त मुनाजिर (21 वर्षीय) इमरान (23 वर्षीय) आल (21 वर्षीय) गांव दारापुर उर्फ दुल्हापुर और गांव मनौटा निवासी (21 वर्षीय) सरफराज को गाड़ी में बैठ कर गांव से बाजपुर कला में रेस्टोरेंट पर पार्टी करने गया था। रात 11:30 बजे घर लौटते समय कार का पिछला पहिया निकालने से कार पलट गई। सड़क हादसे की सूचना मिलने पर थाना पुलिस एवं परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए उन्होंने अमरोहा के निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया।

जहां नवाजिश को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायल युवकों का इलाज जारी है। सड़क हादसे में घायल हुए दो दोस्त इमरान और आदिल की हालत गंभीर बनी हुई है।

# चोरी की डीसीएम सहित एक गिरफ्तार

**सफलता** | **10 लाख रुपए कीमत की पाइप व एक मोटरसाइकिल बरामद**

अमन लेखनी समाचार



फखरपुर, बहराइच। फखरपुर थाना पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के भकला चौराहे पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हरिगोबिन्द सिंह पुत्र सत्यभान सिंह निवासी ग्राम कृपापुरवा मलांव थाना परसपुर जनपद गोण्डा ने बीते रविवार को थाना फखरपुर पर प्रार्थना पत्र वास्ते नसरूल्ला पुत्र सुमान उल्ला निवासी ममुहरि हलधरमऊ थाना कटरा बाजार, ज्ञानेन्द्र उर्फ सिताशू पुत्र राघवेन्द्र सिंह निवासी सिंहपुर थाना हुजुरपुर, राजू पुत्र मुस्तफा निवासी बुलहा हरिहरपुर थाना रानीपुर के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था की इन लोगों ने टाटा डीसीएम गाड़ी से वादी मुकदमा के ठेके के तहत 479 पाईप थी जिसमे से 42 पाईप चुरा ले गए थे। थाना फखरपुर पर सुसंगत धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रभारी निरीक्षक करूणाकर पाण्डेय द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु टीम का गठन किया गया। थाना फखरपुर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत एक अभियुक्त नसरूल्ला पुत्र सुभान उल्ला निवासी मगुहरि हलधरमउ थाना कटरा बाजार जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की टाटा डीसीएम पर लदी कुल 84 पाइप लम्बाई 504 मीटर कीमत करीब 10 लाख रुपए व एक अदद अपाचे मोटर साईकिल को बरामद कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना फखरपुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार टीम में उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, मानिकराज यादव, हेड कांस्टेबल ओंकार सिंह, अभयनन्दन, दिग्विजय चौधरी मौजूद रहे।

# विश्व जैव विविधता दिवस का कतर्नियाघाट के आम्बा में आयोजन

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। कतर्नियाघाट रेंज अंतर्गत आम्बा गांव में विश्व जैव विविधता दिवस का आयोजन किया गया। जागरूकता गोष्ठी की अध्यक्षता प्रभारी क्षेत्रीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट रामकुमार ने किया संचालन डब्लू डब्लू एफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने किया। बैठक में ग्राम आंबा और बिशुनापुर के ग्रामीण, महिलाएं और बच्चे उपस्थित हुए। जागरूकता गोष्ठी में अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को जैव विविधता के महत्व के बारे में बताया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट रामकुमार द्वारा लोगों को कृषि विविधता और जैविक खेती के बारे में बताया गया तथा विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण पर चर्चा किया और बताया कि जैव विविधता संरक्षण में समस्त प्रजातियों का संरक्षण जरूरी है। डब्लू डब्लू एफ के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी दबीर हसन ने बताया कि जैव विविधता और परिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण हमारे भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है धरती पर विभिन्न प्रजातियों जिसमे वनस्पतियां, स्तनधारी,जलीय जीव, कीट पतंगे या जो भी जीवित प्राणी हैं सब जैव विविधता के अंग हैं और पर्यावरण संतुलन में सबकी महती भूमिका है। अगर जैव विविधता का कोई चक्र टूटा तो इसका प्रभाव हमारे फसलों पर पड़ेगा और कृषि उत्पादन प्रभावित होगा अतः जैव विविधता संरक्षण हेतु हमको प्रजातियों का संरक्षण करना होगा। गोष्ठी में वन दरोगा राधेश्याम, ऋषभ प्रताप सिंह, वन रक्षक अकील अहमद, डब्लू डब्लू एफ के फील्ड सहायक मंसूर अली ग्रामीण सुरेश यादव, आशाराम, शाकिर, अरुण कुमार, सी आर पी प्रेम कुमारी समेत कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर डिवाइडर से टकराई कार

- टायर फटने से हादसा, एक की मौत 6 घायल, शादी समारोह में कानपुर से दोस्तपुर जा रहे थे

अमन लेखनी समाचार




सुलतानपुर, पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार कार का टायर फटने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। कार चालक समेत 6 लोग घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा टीम और स्थानीय पुलिस ने सभी घायलों को कुमारगंज के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ अनमोल पाठक ने 35 वर्षीय युवक हीरालाल पुत्र राम कुमार को घोषित कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के माइलेज स्टोन 87 के पास का है। जहां तेज रफ्तार इको कार यूपी 78 जी एम 9698 का अचानक टायर फट गया और वह डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे की जानकारी मिलते ही पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा टीम और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और किसी तरीके से सभी घायलों को कार से निकाल कर एम्बुलेंस की मदद से सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉ अनमोल पाठक ने हीरालाल को मृत घोषित कर दिया।

# रुपयों के लिए करा दी जिगरी दोस्त की हत्या

- मुरादाबाद में दोस्त उसके दुश्मन के पास ले गए; उसने मारकर खेत में दफना दी लाश

अमन लेखनी समाचार




मुरादाबाद, मुरादाबाद में विशाल यादव की हत्या उसके दोस्त ने ही कराई थी। अनिरूद्ध ने विशाल के दोस्त मोहित यादव और सचिन पासी को रुपए देने का लालच दिया था। दरअसल, डेढ़ साल पहले अंशुमन उर्फ काके की मौत हो गई थी। इस मामले में विशाल का बड़ा भाई सुभाष जेल में बंद है। अनिरूद्ध अंशुमन का छोटा भाई है। वो इस बात का बदला लेना चाहता था। इसलिए उसने विशाल उसके दोस्तों की मदद से बुलाया। गोली मारकर हत्या कर दी। फिर लाश को गढ्ढे में दफना दिया। पुलिस ने आरोपी दोस्त मोहित और सचिन को पकड़ लिया, जबकि हत्याकांड में शामिल 4 आरोपियों की तलाश जारी है। ये मामला कटघर के सूरजनगर पीतल बस्ती का है। पिता संतोष यादव ने बताया-17 मई को कटघर थाने में बेटे विशाल यादव की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। कि विशाल 16 मई की रात 10 बजे से लापता है। हत्या की आशंका भी जाहिर की थी। कहा था कि बड़ा बेटा सुभाष हत्या के मामले में 2022 से जेल में बंद है। उसी का बदला लेने के लिए दूसरे बेटे विशाल को अगवा करके मार दिया है। पुलिस को बताया था कि अंशुमन उर्फ काके की डेढ़ साल पहले मौत हो गई थी। इसी मामले में उसका बड़ा बेटा जेल में बंद है। अंशुमन के भाई अनिरुद्ध ने खून का बदला खून से लेने की धमकी दी थी। उसने ही बेटे की हत्या को अंजाम दिया है। संतोष यादव ने पुलिस को बताया था कि उसका बेटा विशाल एक फर्म में नौकरी करता है। रात करीब 10 बजे बेटे के दोस्त मोहित यादव निवासी गांगन तिराहा, संभल रोड और सचिन पासी निवासी सूरजनगर पीतल बस्ती उसे घर से बुलाकर अपने साथ ले गए थे। इसके बाद से वह घर नहीं लौटा। इस मामले में कटघर पुलिस ने लापता विशाल के दोस्त मोहित यादव और सचिन पासी को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने हत्याकांड का राज उगल दिया। मोहित यादव ने पुलिस को बताया कि उसकी विशाल यादव से अच्छी दोस्ती थी। दूसरी तरफ विशाल के दुश्मन अनिरुद्ध सिंह से भी उसका उठना बैठना था। एक दिन अनिरुद्ध ने उसे लालच दिया कि अगर तू विशाल को लाकर हमारे हवाले कर दे तो हम तुझे अच्छी रकम देंगे। अनिरुद्ध ने मोहित से कहा कि मुझे विशाल को मारकर अपने भाई की हत्या का बदला लेना है।

# रामपुर में भाजपा नेता पर दिव्यांग को पीटने का आरोप

- पीड़ित बोला – एक महीने से अफसरों का लगा रहा है चक्कर, आरोपी के खिलाफ नहीं हुई कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



रामपुर, रामपुर में दिव्यांग ने भाजपा नेता पर मारपीट कर आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि पिटाई से वह घायल हो गया। न्याय के लिए एक महीने से दिव्यांग अफसरों का चक्कर लगा रहा है, लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई थाना टांडा के दढ़ीयाल का मुस्तजर 80 प्रतिशत दिव्यांग है। मुस्तजर डीजे बजाने का काम करता है। डीजे के काम की वजह से वह अक्सर रात में घर लौटता है। मुस्तजर की यदि माने तो क्षेत्र का भाजपा नेता अंकुश चौधरी ने रात में घर लौटते समय उसे अपने साथियों के साथ घेर लिया। थार गाड़ी से रॉड निकालकर उसके साथ मारपीट की। साथ ही कहा कि रात में घर से मत निकला कर। उसे आसपास के लोगों ने बचाया। दिव्यांग ने इसकी शिकायत पुलिस और प्रशासन से की, लेकिन कोई हल नहीं निकला। दिव्यांग का कहना है कि कार्रवाई नहीं होने के चलते भाजपा नेता अंकुश चौधरी के हौसले और बुलंद हो गए। अब खुलेआम उसे परेशान कर रहा है। वह एक महीने से अधिकारियों से न्याय की गुहार लगा रहा है। पीड़ित ने बताया कि भाजपा नेता समझौते का दबाव बनाया और नहीं मानने पर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया।

# अमरोहा में ग्रामीणों ने घेरा थाना

- किशोरी की बरामदगी न होने से नाराजगी, दूसरे समुदाय के युवक पर ले जाने का आरोप

अमन लेखनी समाचार



अमरोहा, अमरोहा में एक नाबालिग किशोरी अचानक लापता हो गई। खोजबीन में पता चला कि युवती को दूसरे समुदाय के युवक के घर पर देखा गया है। हालांकि पुलिस आरोपी को जेल भेज चुकी है। लेकिन नाबालिग का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। आज गुस्साए परिजन तमाम मोहल्ले के लोगों के साथ थाने पहुंचे और थाने में नाबालिग की बरामदगी न होने पर जमकर हंगामा किया। साथ ही पुलिस को कल ग्यारह बजे तक का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर किशोरी बरामदगी न हुई तो उग्र आंदोलन करना मजबूरी होगी। हालांकि, पुलिस ने जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करने और नाबालिग को बरामद करने की बात कही है। मामला गजरौला कोतवाली इलाके के कस्बे का है। मोहल्ले में मजदूर का परिवार रहता है। चार दिन पहले मजदूर की नाबालिग किशोरी अचानक लापता हो गई। परिजनों ने खोजबीन की तो पता चला कि किशोरी को समुदाय विशेष के एक युवक के घर देखा गया है। हालांकि पुलिस समुदाय विशेष के युवक अलीशान पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला जलालनगर बस्ती गजरौला को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। लेकिन नाबालिग का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। नाबालिग की चार दिन बाद भी बरामदगी न होने पर सोमवार को परिजन तमाम मोहल्ले के लोगों के साथ थाने पहुंचे और थाने का घेराव करते हुए जमकर हंगामा किया। इसके साथ ही पुलिस को अल्टीमेटम दिया कि अगर कल सुबह ग्यारह बजे तक नाबालिग की बरामदगी न हुई तो उग्र आंदोलन होगा।

इसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। उधर क्राइम इंस्पेक्टर जितेंद्र बालियान ने बताया कि मामले में अन्य युवकों के नाम सामने आए हैं। जल्द आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। किशोरी की जल्द बरामदगी को लेकर प्रयास जारी है।

# मिल्कीपुर में खड़ी ट्रेलर में डीसीएम ने मारी टक्कर

**हादस में एक की मौत, दो लोग घायल, अस्पताल में चल रहा इलाज**

अमन लेखनी समाचार



मिल्कीपुर, अयोध्या-रायबरेली नेशनल हाईवे पर खड़ी ट्रेलर में डीसीएम ने टक्कर मार दी। डीसीएम में बैठे एक व्यक्ति की मौत हो गई। दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बीच तेज रफ्तार में आ एक ट्रक ने सामने खड़ी ट्रक में टक्कर मार दिया। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाते हुए मृतक व्यक्ति के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र के मिल्कीपुर बाजार के निकट आज भोर में करीब 3:30 बजे अयोध्या की ओर जा रही ट्रेलर ट्रक यूपी 51 ए टी 7041 का डीजल खत्म हो गया था। जिसके चलते चालक गाड़ी को मार्ग के किनारे खड़ी कर दिया था। पीछे से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम यूपी 78 जे एन 9643 जा घुसी डीसीएम में बैठे 40 वर्षीय सलमान व 32 वर्षीय छोटू घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद पहुंची नेशनल हाईवे 1033 एम्बुलेंस ने स्थानीय पुलिस की मदद से घायलों को किसी तरीके निकाल कर अस्पताल भिजवाया जहां पर डॉक्टरों ने छोटू को मृत घोषित कर दिया। सौ शैय्या अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही घायल सलमान का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसे के बाद ट्रकों का जाम हाईवे पर लगना शुरू हो गया था। तभी कुमारगंज की ओर से आ रही ट्रक ने जाम में फसी ट्रक में पीछे से ट्रक एमएच 18 बीए 8661 जा घुसी। जिससे ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस पुलिस ने एम्बुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी मिल्कीपुर भिजवाया जहां पर इलाज चल रहा है। घायल सलमान व मृतक छोटू कानपुर के है रहने, वहीं घायल ट्रक चालक शाहजहांपुर का बताया जा रहा है। प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार सिंह का कहना है कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# अपर नगर आयुक्त के ड्राइवर ने किया सुसाइड

- बीजेपी पार्षद के बेटे ने घर में घुसकर पीटा था, परिजन ने शव रखकर लगाया जाम

अमन लेखनी समाचार



मुरादाबाद, मुरादाबाद में अपर नगर आयुक्त के ड्राइवर की मौत के बाद सोमवार को उसका शव रखकर परिजन ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़क पर जाम लगा दिया। आरोपी भाजपा पार्षद के बेटे की गिरफ्तारी की मांग की। हंगामे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। नाराज परिजन को समझाने का प्रयास किया। परिजन अपनी मांग पर अभी भी अड़े हुए हैं। दरअसल अपर नगर आयुक्त के ड्राइवर ने रविवार को जहरीला पदार्थ खाकर खा लिया था। देर रात जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि भाजपा पार्षद के बेटे ने रविवार रात घर में घुसकर अतुलेश (35 साल) को बेरहमी से पीटा था। इसी से आहत होकर उसने इस तरह का कदम उठाया है। घटना मुरादाबाद के सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में नया गांव की है। नया गांव में गिरधारी लाल की कोठी के पास रहने वाला अतुलेश कुमार पुत्र महावीर सिंह अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार का ड्राइवर था। अतुलेश के भाई ने बताया कि रविवार रात उसका भाई अतुलेश अपने घर आ रहा था। तभी रास्ते में उसे नवीनगर की पार्षद पंकज शर्मा का बेटा अनुज शर्मा मिल गया। अतुलेश ने उससे कहा कि हमारे इलाके में नालियां अर्से से टूटी पड़ी हैं। सड़कों पर गंदगी पसरी है। उन्हें ठीक नहीं कराते हो। पार्षद बनकर क्षेत्र में क्या काम किया है। इतना कहने के बाद अतुलेश अपने घर आ गया। अतुलेश के भाई ने कहा-पार्षद का बेटा अनुज शर्मा अपने 20-25 साथियों के साथ घर पर आ धमका। उसने घर में घुसकर अतुलेश को मारपीट करना शुरू कर दिया। उसने भद्दी गालियां दीं और अतुलेश को बेरहमी से पीटा। इसकी वजह से उसने खुद को काफी बेइज्जत महसूस किया। थोड़ी देर बाद उसने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। अतुलेश की हालत बिगड़ी तो परिवार के लोग उसे लेकर जिला अस्पताल को दौड़े। थोड़ी देर बाद अतुलेश ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# बिलासपुर पालिका कार्यालय में औचक निरीक्षण करने पहुंचें सिटी मजिस्ट्रेट

**सभासदों और ईओ में चली आ रही तनातनी को लेकर चेयरमैन ने डीएम से की थी शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



बिलासपुर, बिलासपुर में पालिका सभासदों व ईओ के बीच चली आ रही तनातनी को लेकर डीएम के निर्देश पर सिटी मजिस्ट्रेट ने कार्यालय का औचक निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने सभासदों से वातालर्प की और ईओ पर लगाए गए आरोपों की गहनता से जांच की। रामपुर जिले के बिलासपुर में सोमवार की दोपहर स्थानीय नगरपालिका परिषद कार्यालय पहुंचे स्थानीय निकाय अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा ने सभागार में चेयरमैन चित्रक मित्तल सहित प्रत्येक वार्डों से आए सभासदों की बैठक ली इसमें सभासदों ने अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह पर आरोप लगाया कि कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ईओ कार्यालय कभी कभी आते हैं,बिना बताए अवकाश पर चले जाते हैं,इससे सभासद और आने वाली जनता काफी परेशान हैं इसके अलावा सभासदों ने यह भी आरोप लगाया कि नागरिकों को जन्म व मृत्यु प्रमाण बनवाने के लिए दफ्तर के धक्के खाने पड़ रहे हैं और नागरिक जिम्मेदार सभासदों को ठहरा रहे। उनका आरोप है कि ईओ का रवैया सभासदों के साथ साथ आम जनता के साथ भी अच्छा नही है। उन्होंने बताया दो दिन पहले समस्याओं को लेकर ही सभासदों व ईओ के बीच नोंक-झोंक तक हुई

# सिद्धार्थनगर पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौय

- कार्यकर्ताओं में भरा जोश, बोले – इस बार 400 का आंकड़ा पार करेगी भाजपा

अमन लेखनी समाचार



सिद्धार्थनगर, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सिद्धार्थनगर पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान किया। अपने संबोधन से उन्होंने कार्यकताओं में उत्साह भरा। उन्होंने कहा कि डुमरियागंज के प्रत्याशी जगदम्बिका पाल की उम्र 74 साल के लगभग है लेकिन वह जिस तरीके से काम कर रहे हैं उससे ऐसा लगता है कि अभी वह 47 साल के ही हैं। उपमुख्यमंत्री मौर्य ने कहा कि 2024 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी। भाजपा के बढ़ते जनाधार से लोग चिंतित हैं। सबसे ज्यादा चिंतित विपक्ष के लोग हैं जो देश को बेचना चाहते हैं लेकिन भाजपा ऐसा नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी लोगों को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं जबकि परिवारवादी राजनीति करने वाले लोग कहते हैं कि वह नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देंगे। उन्होंने कहा कि सभा की साइकिल ध्वस्त हो चुकी है साथ ही सभा की शासन काल में गुंडो की भरमार थी। अगर सपा का झंडा लगाकर कोई चलता था तो उसमें ऐसा लगता था कि कोई गुंडा ही बैठा है। उन्होंने कहा कि जब अयोध्या में 22 जनवरी को रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा हो रही थी तो अखिलेश यादव को निमंत्रण भेजा गया था लेकिन वह अयोध्या में नहीं पहुंचे जबकि माफिया सरगना मुख्तार अंसारी के तब पर फातिहा पढ़ने पहुंच गए। इससे ऐसा सिद्ध होता है यह लोग देश को बांटना चाहते हैं। लेकिन भाजपा के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऐसा नहीं होने देंगे। इस बार भाजपा 400 का आंकड़ा पार करके अपनी सरकार बनाएगी और पूरा देश विकास के तरफ अग्रसर होगा।

प्रधानमंत्री ने अपने शासनकाल में 25 करोड़ लोगों को गरीबों के रेखा से बाहर निकाला है जो की एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने लोगों से अपील किया कि आप सबका एक-एक वोट कीमती है

इसलिए 25 मई को कमल का बटन दबा करके आप लोग जब जगदंबिका पाल को यहां से चुनाव जिताएंगे तो निश्चित ही भारत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहायक होगा।

## संक्षेप

### बुलंदशहर में बाग में लटका मिला किसान का शव

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर, बुलन्दशहर के स्याना तहसील क्षेत्र में आम के पेड़ पर किसान का शव लटका मिलने की सूचना फैल गई। भारी भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल लेकर थाना प्रभारी पहुंचे। जानकारी के अनुसार नरसेना थाना क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर में आम के पेड़ पर शव लटका होने की सूचना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मौके पर एकत्रित हुई भीड़ ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पड़ताल शुरू कर दी। रघुनाथपुर निवासी मुकेश के रूप में मृतक की पहचान हुई। बताया गया कि मृतक गोली कांड के एक मामले में मुलाजिम भी था। मृतक मुकेश के परिजनों ने हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मौके से पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस हर बिंदू पर जांच कर रही है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बीते दिन भी नरसेना थाना क्षेत्र के गांव कटीरी में किसान का शव आम के बाग में गड्ढे में दबा मिला था। जिसके बाद सोमवार की सुबह किसान का शव आम के पेड़ पर लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैली हुई है। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि मामले का जल्द खुलासा कर दिया जाएगा। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हर बिंदू पर जांच कर रही है। संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

### सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी का आरोप

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र के विकास खंड बभनी के सतबहनी से अधौरा संपर्क मार्ग बनाने वाली संस्था पर ग्रामीणों ने मानकों की अनदेखी कर निर्माण कराने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने इसको लेकर प्रदर्शन किया और प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराने की मांग की। आक्रोशित ग्रामीणों ने विभाग व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि मानक के अनुसार सड़क का निर्माण नहीं होने से सड़क समय से पहले खराब हो जाएगी। इससे ग्रामीणों को परेशानी होगी। प्रदर्शन करने वालों में हरिकिसुन, लाल बहादुर, देव प्रसाद, मुन देव, रमाशंकर, राम प्रसाद, शंखलाल, बलवीर, जान सिंह, अनिल कुमार, रामानन्द ने जिलाधिकारी से सड़क निर्माण की जांच और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है?। अवर अभियंता जितेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बरेली में हाईवे पर पुल से नीचे गिरी बस

**दिल्ली- लखनऊ हाईवे पर फतेहगंज में हुआ हादसा, 32 यात्रियों से भरी थी बस, एक की मौत व 16 घायल**

अमन लेखनी समाचार



बरेली, बरेली में फतेहगंज थाना क्षेत्र के बल्लिया गांव के पास आज यानी तड़के एक बस अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज से लिंक रोड पर जा गिरी। जिसमें एक यात्री की मौत हो गई, और यात्री घायल हो गए। इसमें 6 यात्रियों की हालत गंभीर हैं, मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए आसपास के अस्पताल में भर्ती कराया है। साथ ही हादसे में मरने वाले व्यक्ति का शव कब्जे में लेकर परिवार को घटना की सूचना दी। तड़के समय करीब 3:55 बजे एक बस (नंबर यूपी 17 ळ 9507) जो दिल्ली से सवारी लेकर बरेली की तरफ आ रही थी। इसी बीच फतेहगंज पश्चिम के पास फ्लाईओवर से नीचे गिर गई, जिसमें 32 व्यक्ति थे। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक फतेहगंज पश्चिमी धनन्जय कुमार पांडेय व सीओ हाईवे नितिन कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे।और प्राइवेट व सरकारी एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सरकारी अस्पताल भिजवाया। घटना में कुछ लोग गंभीर रूप से घायल होने के साथ कुछ लोग आंशिक रूप से घायल हैं। बस के नीचे एक व्यक्ति जो उसमें सवार था दब गया था जिसे क्रेन से सीधा कराकर निकाला गया तो उसकी मृत्यु हो चुकी है। लोगों से पूछताछ कर पहचान की कार्रवाई की जा रही है। बस को क्रेन से सीधा कराया। डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान व एसपी देहात मुकेश चंद्र मिश्रा भी घटनास्थल व अस्पताल पहुंचे। बस में यात्रियों का सामान मिला है। उसे कब्जा पुलिस में लेकर सुरक्षित रखा है। घायलों के संबंध में अलग से नाम पता की जानकारी दी जाएगी। सीओ नितिन कुमार ने बताया कि एक यात्री की मौत हुई है। सिर्फ अन्य 6 घायल हैं। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डीएम रविन्द्र कुमार और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने घटना की जानकारी होते ही मौके पर घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस के आलाधिकारियों से घटना की जानकारी ली। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने बरेली के जिला अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और जिला अस्पताल के डॉक्टरों को घायलों को बेहतर से बेहतर इलाज देने को कहा। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि बस दिल्ली से चली थी और चालक को झपकी आने के कारण या घटना घटित हो गई। बस में बैठे सभी लोगों का रेस्क्यू कर लिया गया है ।अब कोई व्यक्ति रेस्क्यू के लिए शेष नहीं है। मरने वाले यात्री की पहचान प्रेम किशन निवासी दौराला थाना मटोर जिला मेरठ है। फतेहगंज पश्चिमी में बस पलटने से एक यात्री की मौत हो गई

## देवरिया में भाजपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क

**कैबिनेट मिनिस्टर सूर्य प्रताप शाही भी रहे साथ, बोले- राष्ट्र को विकसित बनाने में दें साथ**

अमन लेखनी समाचार



देवरिया, देवरिया लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार शशांक मणि त्रिपाठी ने विधानसभा पथरदेवा के महुआडीह मंडल के विभिन्न गांव में जनसंपर्क किया। सोमवार को भ्रमण के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही भी मौजूद रहे।

जनसंपर्क के दौरान रामपुर गौनरिया, बग्गापार, हरैया बसंतपुर में नुक्कड़ सभाएं की गईं। पहाड़पुर गांव में कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि हम लोग 2024 के चुनावी रण में राष्ट्र के उत्थान के लिए और एक नए विकसित भारत के निर्माण के लिए मोदी जी के नेतृत्व में कार्य कर रहे हैं। गांव गरीब और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने का लिए डबल इंजन की सरकार ने पिछले 10 सालों में मजबूती से काम किया है। सभा को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि ने कहा कि सरकार की नीतियों की वजह से देश आज विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है। इस अवसर पर जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि त्रिपाठी, पथरदेवा विधानसभा के प्रभारी संजय सिंह सैंथवार, संयोजक अवधेश सिंह, जिला पंचायत सदस्य विजय गोंड, मंडल अध्यक्ष उमेश मल्ल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## होटल के खिलाफ फूटा कालोनी वासियों का गुस्सा

**भाजपा नेता के साथ एमडीए दफ्तर में प्रदर्शन, कालोनी में खुला होटल बिगाड़ रहा माहौल**

अमन लेखनी समाचार




मेरठ, मेरठ के बागपत रोड स्थित सार्थक सिटी कॉलोनी में अवैध होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार को लेकर क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने एमडीए ऑफिस में जमकर हंगामा कर दिया। महिलाओं के साथ पहुंचे दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संजीव सिक्का ने वीसी को मामले की जानकारी देते हुए अवैध होटल को सील किए जाने की मांग की है। बाइपास पर बागपत रोड स्थित सार्थक सिटी कॉलोनी की रहने वाली सैकड़ों महिलाएं अपने बच्चों को लेकर दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संजीव सिक्का के साथ सोमवार को मेरठ विकास प्राधिकरण के ऑफिस पहुंचीं। जहां उन्होंने प्राधिकरण उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी से मिलकर बताया कि प्राधिकरण से स्वीकृत उनकी कालोनी में लगभग 300 मकान हैं, जिनमें से 100 सैन्य परिवारों के हैं। महिलाओं ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में कुछ दबंगों ने मकान खरीदकर उनमें अवैध रूप से होटल खोल लिए हैं। जिनमें खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा कराया जा रहा है। जिसके चलते कॉलोनी की शरीफ महिलाओं का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। थाने से लेकर आला अधिकारियों तक इस मामले में शिकायत की गई, लेकिन सुनवाई नहीं हुई, राज्यमंत्री संजीव सिक्का ने एमडीए वीसी से इन अवैध होटल को तत्काल सील किए जाने की मांग की।

## मेरठ में दो जगहों पर मिली दो अज्ञात लाशें

**एक अधजली डेडबॉडी रजवाहे में मिली, दूसरा शव ठेके के पीछे खेत में मिला**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ में सुबह दो जगहों पर दो अज्ञात लाश मिलने से हड़कंप मच गया। एक आदमी को जलाकर मारा गया। लाश ठिकाने लगाने के लिए उसे रजवाहे में बहा दिया गया है। वहीं दूसरी लाश खेत में पड़ी मिली है। शराब के ठेके के पास खेत में पड़ी लाश देखकर लग रहा है कि आपसी रंजिश में हत्या की गई है। फिलहाल पुलिस ने एक शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। जबकि दूसरी लाश को लेकर खींचतान चल रही है पुलिस सीमा विवाद में उलझी है। परतापुर थाना पुलिस को अधजली लाश गांव पूठनी के रजवाहे में मिली है। राहगीरों ने रजवाहे में लाश बहती देखी। इसके बाद पुलिस को बताया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पता चला शव किसी आदमी का है और आधा जला हुआ है। लाश का चेहरा बुरी तरह जला हुआ है। लाश किसकी है कहां से आई इसकी जानकारी नहीं हो रही है। देखने से लाश 35 से 40 साल के आदमी की लग रही है। शव करीब 40 प्रतिशत जला हुआ है। पुलिस ने आसपास के लोगों से शव की जानकारी ली तो कुछ पता नहीं चला। लोगों की मदद से मृतक के शव को रजवाहे से बाहर निकलवाया। जानकारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर जानी पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों थानों की पुलिस अब लाश को लेकर सीमा विवाद में उलझी है। एक लाश परतापुर थाना क्षेत्र के गांव गून में देसी शराब के ठेके के पीछे खेत में पड़ा मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। मृतक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष लग रही है। मृतक ने शर्ट और लोअर पहना था। शव का पंचनामा भरकर भेज दिया है। लाश की फोटो भी सकुर्लेट की जा रही है ताकि उसकी पहचान हो सके।

## आंगन में सोए बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत

**परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, सोने की अंगूठी और 22 हजार रुपए भी गायब**


अमन लेखनी समाचार

मेरठ, मेरठ में घर के आंगन में सो रहे बुजुर्ग की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। रात को बुजुर्ग आंगन में चारपाई पर सोया था। सुबह पत्नी चाय देने गई तो पति की लाश मिली। परिजनों ने पुलिस को मामले की जानकारी दी है। घरवालों का आरोप है कि किसी ने बुजुर्ग की हत्या कर दी है। बुजुर्ग की अंगुली से सोने की अंगूठी और जेब में रखे 22 हजार रुपए भी गायब हैं। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मेरठ के लोहिया नगर थाना क्षेत्र की कांशीराम कालोनी में रामनिवास गुप्ता उम्र 65 साल की लाश अपने ही घर के आंगन में मिली। रामनिवास की पत्नी राजकुमारी ने पुलिस को बताया कि पति हमेशा घर के आंगन में बाहर सोते हैं। हमारे घर के बाहर ही परचून की दुकान है। रामनिवास यहीं आंगन में सोकर दुकान की रखवाली भी करते थे। हर बार की तरह रविवार रात भी वो बाहर सोए। सुबह पांच बजे जब मैं उन्हें चाय देने गई तो वो कुछ बोले नहीं। उन्हें हिलाया, आवाज लगाई फिर भी नहीं उठे। इसके बाद पत्नी ने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी और घर के अंदर सो रहे बेटे-बहू भी बाहर आ गए। बाहर आकर देखा तो रामनिवास की मौत हो चुकी थी। सांसें बंद थीं। इसके बाद परिजनों ने लोहिया नगर थाना पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है और पूछताछ भी कर रही है। परिजनों ने बताया कि रामनिवास के 5 बच्चे हैं। इसमें 3 बेटियां और 2 बेटे हैं। बेटे-बेटियों की शादी हो चुकी है।

## सोनभद्र में अराजक तत्वों ने अंबेडकर प्रतिमा को छतिग्रस्त किया

**आक्रोशित ग्रामीणों ने किया हंगामा, पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के पन्नूगंज थाना क्षेत्र के रामगढ़ में अम्बेडकर प्रतिमा को अराजक तत्वों ने देर रात में क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी होने पर रात में ही ग्रामीण इकट्ठा हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझाते हुए कार्रवाई की बात कही। जानकारी के अनुसार पन्नूगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामगढ़ में अमृत सरोवर तालाब पर अम्बेडकर प्रतिमा स्थापित है। जिसे बीती रात को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त हो गया। मौके पर भीड़ जुट गई, सूचना पर पहुंची पन्नूगंज पुलिस ने लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा नशे के आड़ में इस तरह का कार्य कर रहे हैं गांव के सभी लोग इन लोगों को चिन्हित कर रहे हैं और इसकी सूचना वह जल्द ही पन्नूगंज थाने पर देंगे जिससे भविष्य में कभी इस तरह का घटना न हो।

थाना प्रभारी पन्नूगंज केदारनाथ मौर्य ने कहा कि मामले की जांच की जा रही हैं जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।फिलहाल मूर्ति को सही करने का कार्य किया जा रहा

## अनूपशहर में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**जेपी विद्या मंदिर ने जीते 50 मेडल, प्रतिभागियों को निरंतर मेहनत करना और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया**

अमन लेखनी समाचार




अनूपशहर, एलडीएवी इन्टर कॉलेज में उत्तर प्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला स्तरीय योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या शशिबाला पंत रही। जिन्होंने सभी प्रतिभागियों को निरंतर मेहनत करना और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में जिलों के 15 स्कूलों के सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान प्रतियोगिता में जीते 50 मेडल के साथ जेपी विद्या मंदिर चैम्पियन रहा। योगाचार्य अंकित शास्त्री ने बताया कि प्रतियोगिता को 3 वर्गों में आयोजित कराया गया जिसमें बालक एवं बालिका वर्ग के अन्तर्गत सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर रहे। इस दौरान इवेंट ट्रैडीशनल, आर्टिस्टिक सिंगल, आर्टिस्टिक पेयर, रिदमिक पेयर कराई गई।

सभी विजेता प्रतिभागी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। सीनियर बालक वर्ग मे भरत भारद्वाज दो गोल्ड मेडल, सीनियर बालिका वर्ग मे साधना शर्मा एक गोल्ड मेडल, जूनियर बालक वर्ग मे शिवांश गौड़ दो गोल्ड मेडल, ओमेन्द प्रकाश सिंह दो सिल्वर मेडल, मोहित यादव दो ब्रोंज मेडल, सक्षम एवं मंजीत एक गोल्ड मेडल, जूनियर बालिका वर्ग मे रौनक शिशौदिया दो गोल्ड मेडल, तनिष्का शर्मा एक गोल्ड एवं एक सिल्वर मेडल, भूमिका एक गोल्ड एक ब्रोंज मेडल, सब- जूनियर बालक वर्ग मे धनंजय प्रताप सिंह दो गोल्ड मेडल, भावांश गौड़ एक गोल्ड एक ब्रोंज मेडल, प्रशांत कुमार दो गोल्ड मेडल, तेजस्व कौशिक एक गोल्ड एक ब्रोंज मेडल, जय चौधरी एक गोल्ड मेडल, दर्श वत्स एवं ध्रुव गर्ग एक-एक सिल्वर मेडल, सिद्धार्थ एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, सजल शर्मा एक सिल्वर मेडल, उमंग चौधरी एक सिल्वर, तेजस चौधरी एक ब्रोंज मेडल, प्रत्यक्ष एक ब्रोंज मेडल, सब- जूनियर बालिका वर्ग में गौरांशी कौशिक दो गोल्ड मेडल, प्रज्ञा शर्मा दो गोल्ड मेडल, परिधि अग्रवाल एक गोल्ड एक सिल्वर मेडल, सांची शर्मा एक गोल्ड एक ब्रोंज मेडल, आशी भारद्वाज एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, सौम्या भारद्वाज एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, चारुषि सेजवाल एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, सुनिधि एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, दीया एक सिल्वर एक ब्रोंज मेडल, रिया एवं काजल एक ब्रोंज मेडल, आरवी ने एक ब्रोंज मेडल प्राप्त किया।

## चार हेरोइन तस्कर गिरफ्तार

**20 लाख रुपए की हेरोइन बरामद, तस्करों में दो महिलाएं भी शामिल**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र, सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के बरैला मंदिर के पास से पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 102 ग्राम हेरोइन के साथ 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के पास से 27,600 रुपए की नकदी भी बरामद की गई है। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली में एडिशनल एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस करके मामले का खुलासा किया। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने बताया रविवार की शाम रॉबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में बरैला महादेव मंदिर के पास से दो महिलाओं सहित 4 हेरोइन तस्करों को गिरफ्तार किया गया हैं, जबकि दो अभियुक्त वांक्षित बनाए गए हैं। इस दौरान गिरफ्तार तस्करों के कब्जे से 102 ग्राम हेरोइन और बिक्री किए गए 27,600 रुपये नकद बरामद किया गया है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 20 लाख रुपए बताई जा रही है। एडिशनल एसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार की शाम बरैला गांव में पुलिस बल के साथ घेराबंदी कर कोतवाल सत्येंद्र कुमार राय और स्वाट टीम प्रभारी रामस्वरूप शर्मा ने दम्पति समेत चार तस्करों संगीता उर्फ विमल कन्नौजिया (30) पत्नी हरिश्चन्द्र उर्फ मन्नर कन्नौजिया निवासी बरैला, संगीता देवी (38) पत्नी बाबूलाल कन्नौजिय निवासी ग्राम मनरहवा डिबुलगंज थाना अनपरा, बाबूलाल कन्नौजिया (40) पुत्र भोला प्रसाद निवासी ग्राम मनरहवा डिबुलगंज थाना अनपरा तथा अभिषेक कुमार उर्फ नान्हक कन्नौजिया (22) पुत्र मदन कुमार कन्नौजिया निवासी ग्राम महुली थाना विढ़मगंज को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 102 ग्राम हेरोइन बरामद किया गया। साथ ही हेरोइन बिक्री के 27,600 रुपए, इलेक्ट्रोनिक तौल मशीन बरामद हुई हैं।

## रेलवे-स्टेशन पर यात्री के बैग से मिले 36 लाख रुपए

**आयकर अधिकारी ने ली तलाशी, यात्री बोला- घर में है शादी बैंक से निकाला था पैसा**

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र में रेणुकूट के स्थानीय रेलवे स्टेशन पर रविवार की रात लगभग 10 बजे राजकीय रेलवे पुलिस ने एक व्यक्ति के पास से 36 लाख रुपए नगद बरामद किया। इसकी सूचना जनपद के आयकर अधिकारी को दी गई। सूचना पर पहुंचे आयकर विभाग के नोडल अधिकारी ने जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की बात कही है। बता दे कि रविवार की रात सिंगरौली से पटना तक चलने वाली सिंगरौली-पटना एक्सप्रेस पर जाने के लिए मध्यप्रदेश के बैढ़न निवासी सूरज कुमार रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। इस दौरान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजकीय रेलवे पुलिस द्वारा सभी यात्रियों के बैग की जांच की जा रही थी। तभी जांच के दौरान सूरज कुमार के बैग से 36 लाख रुपए बरामद हुए। जिससे जीआरपी के चौकी प्रभारी संतोष कुमार ओझा ने बताया कि रविवार की रात सिंगरौली पटना एक्सप्रेस आने के वक्त चौकी के सिपाहियों द्वारा यात्रियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मध्य प्रदेश के बैढ़न से आने वाले एक व्यवसायी के बैग से 36 लाख रुपए बरामद हुए। इसके संबंध में आयकर विभाग के अधिकारियों को सूचना दे दी गई है। सूचना पर सोमवार की दोपहर रेलवे स्टेशन पर पहुंचे आयकर अधिकारी अंशल पांडेय ने बताया कि जीआरपी द्वारा पैसे की सूचना मिली। जिसकी अभी जांच चल रही है। जांच के बाद ही कुछ कह पाना संभव होगा यदि रुपए के संबंध में पर्याप्त साक्ष्य नहीं मिले तो उसे जब्त कर आयकर प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी। वहीं पैसा लेकर जा रहे व्यवसायी सूरज कुमार ने बताया कि उनके पास से मिला सारा रुपया वह खुद बैंक से निकाल कर अपने पैतृक घर पटना जा रहे था। साथ ही कहा कि मां की तबीयत खराब है और घर में शादी भी पड़ी है।

## कूड़े के ढेर में लगी आग

**फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियों ने पाया काबू, बस और पेड़ आए चपेट में**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र शास्त्रीनगर स्थित एक ग्राउंड में पड़े कूड़े के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई, आग इतनी भीषण थी कि आग की चपेट में आने से ग्राउंड के निकट खड़ी एक बस ओर कुछ पेड़ भी आग की चपेट में आ गएं। आग से क्षेत्र में अफरातफरी मची हुई है वही मामले की जानकारी मिलने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ी मौके पर पहुंच गई, और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। नौचंदी क्षेत्र स्थित एक ग्राउंड में पड़े कूड़े में अचानक आग लगने से क्षेत्र के लोगों में भगदड़ मच गई आग इतनी भीषण थी कि आग की लपेट करीब 1 किलोमीटर तक देखी जा सकती थी। भीषण आग को चपेट में ग्राउंड में खड़े पेड़ और निकट ही खड़ी एक बस भी जल गई, आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी पुलिस द्वारा सूचना मिलने पर दमकल विभाग की तीन गाड़ी मौके पर पहुंच गई और घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गनीमत रही इस दौरान कोई हताहत नहीं हुआ। वहीं देर रात समर गार्डन स्थित बिजली के खंभे में भी शॉर्ट सर्किट के कारण भीषण आग लग गई, आग से कई मीटर तक तार जलकर राख हो गए आग से क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बन गया, और लोगों में भगदड़ मच गई घंटों बाद बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और लाइन को कट करने के बाद किसी तरह आग को बुझाया ।लेकिन 12 घंटे लाइट न आने के चलते क्षेत्र में हाहाकार मच गया क्षेत्र के लोग बिजली में पानी को तरस रहे हैं विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि जल्द लाइन को ठीक कर लाइट देने का प्रयास किया जा रहा है।

# जनकल्याण समिति सर्वजातीय सामूहिक विवाह महायज्ञ सम्मेलन में 11 जोड़े एक दूजे के हुए

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर ।जनपद के विकासखंड गोहांड के ग्राम सरसई स्थित प्रसिद्ध श्री श्यामला देवी मंदिर में मां श्यामला जन कल्याण समिति के सौजन्य से सर्वजातीय विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया ।इस आयोजन मे 11 जोड़ो ने एक दूजे का हाथ थाम अपने वैवाहिक दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की ।वैवाहिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलापंचायत अध्यक्ष हमीरपुर जयंती संतराम राजपूत व राठ विधायक मनीषा अनुरागी व विशिष्ट अतिथि करन दद्दू जिलापंचायत सदस्य मुस्करा,वीरनारायण राजपूत ब्लांख प्रमुख मुस्करा ,व अन्य जनप्रतिनिधियों व समाज सेवियों ने सभी जोड़ो को शुभाशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सर्वजातीय सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम में जनपद जालोंन के ग्राम चदरसी बसरई निवासी मोहित ने जनपद हमीरपुर के ग्राम पहरा की सपना के साथ,राठ मवई निवासी ब्रजेन्द्र ने मुस्करा के ग्राम महेरा निवासी नेहा देवी के साथ ,जनपद महोबा के अजनर के ग्राम स्यावन निवासी सुदर्शन ने जनपद हमीरपुर के बड़ा डेरा बिहूनी निवासिनी प्रियंका के साथ,सरसई राठ निवासी अंकरेश ने महोबा चरखारी के ग्राम सहजना की शिवानी के साथ,ग्राम कनकुंआ महोबा के जयहिंद ने इमिलिया छतरपुर मध्यप्रदेश की रोशनी के साथ,ग्राम बल्लांय महोबा के मुकेश कुमार ने गुगरवारा टोला रावत राठ की जूली के साथ,ग्राम महेरा हमीरपुर के अशोक कुमार ने ग्राम खदेही लोधन हमीरपुर की अंकिता के साथ,ग्राम लोदी पुरा सरीला हमीरपुर के अंकित ने ग्राम पहरा राठ हमीरपुर की आकांक्षा के



साथ, ग्राम उमारिया राठ हमीरपुर के पुष्पेंद्र ने ग्राम अमगांव राठ हमीरपुर की खुशी देवी के साथ, ग्राम नोहाई राठ हमीरपुर के पुष्पेंद्र ने ग्राम महेरा मुस्करा हमीरपुर की निधि कुमारी के साथ, तथा ग्राम औता राठ हमीरपुर के शैलेन्द्र कुमार ने ग्राम पहाडी भिटारी मुस्करा हमीरपुर प्रियंका देवी के साथ हाथ थाम वैवाहिक दाम्पत्य जीवन की शुरूआत की ।इस दौरान उपस्थित लोगों के बीच जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती संतराम राजपूत ने अपने उदबोधन में कहा कि श्यामला देवी जनकल्याण समिति द्वारा किया जा रहा यह सर्वजातीय सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम अत्यंत पुण्य प्रताप का कार्य है ।ऐसे आयोजनों को समाज के लोगो को करते रहना चाहिए इनसे समाज मे सौहार्द को बढ़ावा मिलता है ।कहा कि कल्याण समिति द्वारा 11 कन्याओं को वैवाहिक रूपी आशीर्वाद देकर जो पुण्य का कार्य किया है यह किसी महायज्ञ से कम नही है ।इस दौरान उन्होंने वर वधू व उपस्थित लोगों से कहा कि कन्या धन इंसान का सबसे बड़ा धन है जो माता पिता को सर्व जीवन पर्यन्त सुख की अनुभूति कराता रहता है ।सभी को अपनी बेटियों को पढ़ाना चाहिए ताकि वह अपने पैरों पर खड़े होकर गृहस्थ जीवन मे सहयोग प्रदान कर देश और परिजनों का नाम रोशन कर सके। इस दौरान सभी अतिथियों ने वर औ? वधुओ को शुभ आशीर्वाद दिया ।इस दौरान समिति के अध्यक्ष शारदा प्रसाद राजपूत शिक्षक खदेही लोधन ,प्रबंधक मंगल सिंह मुखिया बकरई,देवेंद्र सिंह राजपूत पुरैनी द्वारा आये हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार ब्यक्त किया।

# मां की बीमारी की दवा खा लेने से बालक की मौत, घटना के बाद परिजनों में कोहराम

अमन लेखनी समाचार



हमीरपुर। जिले में जलालपुर थाना क्षेत्र के बरखेड़ा गांव में बुधवार सुबह एक बालक ने खेल-खेल में अपनी मां की बीमारी की दवा खा ली। इससे वह बेहोश हो गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में बालक ने दम तोड़ दिया। बालक के पास पड़े दवा के पत्ते में तीन गोलियां कम पाए जाने पर परिजनों ने दवा खाने से मौत होने की आशंका जताई है। बालक इकलौता बेटा था ।बरखेड़ा गांव निवासी बाबादीन ने बताया कि वह गांव में मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाता है। उसकी पत्नी ऊषा बीमार रहती है। उसका उपचार चल रहा है। उन्होंने बताया कि वह बुधवार को काम पर गया था। पत्नी घर के बाहर बैठी थीं। तभी भीतर खेल रहे उसके इकलौते बेटे भरत कुमार (9) ने सुबह करीब आठ बजे अलमारी में ऊपर रखीं दवाएं उठाकर खा लीं। इससे वह बेहोश हो गया। थोड़ी देर बाद भरत के बाबा प्यारेलाल खाना खाने के लिए उसे खोजने गए।

तो उसे बेहोशी हालत में पड़ा देखा। पास में टेबलेट का पत्ता पड़ा मिला। उसमे तीन गोलियां गायब थीं। नाती की हालत बिगड़ी देख वह उसे पास के गांव बंगरा स्थित अस्पताल में ले गए। जहां से जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही भरत की मौत हो गई। मृतक के परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शव को लेकर घर चले गए। भरत अपने माता-पिता की इकलौती संतान था। वह गांव के प्राथमिक स्कूल में कक्षा चार का छात्र था। ग्रामीणों ने बताया कि भरत की मां मानसिक रूप से बीमार चल रही हैं। उसका इलाज चल रहा है। उसी की दवा खाने से बच्चे की मौत हुई है।

## दबंगों ने अधेड़ महिला को लाठी डंडों से मारपीट कर किया लहुलुहान

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

मौदहा, हमीरपुर। पुरानी रंजिश के चलते दबंगो ने एक अधेड़ महिला को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल दिया। लहू लुहान हालत में महिला को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के भैंस्ता निवासी पीड़िता के पुत्र विजय कुमार ने बताया कि गांव निवासी कुन्दन,मइयादीन ने पुरानी रंजिश से मेरी मां गुड्डी पत्नी मुन्ना को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और गांव में निकल जाने की धमकी दी है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने मेडिकल के लिए भेज दिया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध 323, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर तलाश शुरू कर दिया है।

# मुकुन्द दास मंदिर से निकली भव्य शोभायात्रा



अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। स्वामी मुकुन्द दास के परिनिर्वाण महोत्सव के मौके पर बुधवार शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा नगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए देर शाम मन्दिर परिसर में समाप्त हुयी। शोभायात्रा का जगह -जगह श्रद्धालुओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया साथ ही यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं के लिये प्रसाद एवं शरबत वितरण की व्यवस्था भी कस्बे में जगह जगह की गई।

श्री कृष्ण प्रणामी मन्दिर मुंशीगंज मलिहाबाद में चल रहे स्वामी मुकुन्द दास के 319वें परिनिर्वाण के अवसर पर महन्त बृह्मज्योति महाराज की अगुवाई में मन्दिर से शुरू हुई यह शोभायात्रा मुंशीगंज, कटरा, चौधराना, मिजार्गज, डाकघर, चौराहा, गल्लामण्डी, सरार्फा बाजार होते हुए देर शाम को मन्दिर परिसर में समाप्त हुई। मन्दिर कमेटी के सदस्य रजनीश अवस्थी ने बताया कि इस बार यह महोत्सव तीन दिन का है। मंगलवार से शुरू हुए इस महोत्सव में पाठ, शोभायात्रा एवं सत्संग आदि के साथ गुरुवार को बड़े भण्डारे के साथ ही इस महोत्सव का समापन किया जायेगा। शोभायात्रा में दूर दराज से पधारे सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# कवरेज करने गए पत्रकारों पर खनन माफियाओं ने जानलेवा हमला करते हुए की लूटपाट

पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध किया मामला दर्ज

अमन लेखनी समाचार/हेमन्त यादव



गरौठा, झांसी। बालू घाट पर प्रतिबंधित लिफ्टर मशीन से किसी व्यक्ति के गिर जाने और अवैध रूप से बालू खनन की सूचना पर कवरेज करने पहुंचे तीन पत्रकारों पर सत्ताधारी दल के नेता के संरक्षण में चल रहे बालू घाट के गुर्गों द्वारा सत्ता की हनक में मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम दिया गया। पीड़ित पत्रकार के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। एरच थाना क्षेत्र अंतर्गत सत्ताधारी दल के एक नेता के संरक्षण में ढेरा बालू घाट संचालित है। जहां सत्ता की हनक में खनन माफियाओं द्वारा निजी भूमि पट्टे की आड़ में खनिज विभाग और प्रशासन की मिलीभगत से बेतवा नदी से अवैध रूप से प्रतिबंधित लिफ्टर मशीनों द्वारा बालू का अवैध खनन किया जा रहा है। मंगलवार की रात्रि लिफ्टर से किसी व्यक्ति के गिरने की सूचना मिलने पर गरौठा निवासी पत्रकार और ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र बुंदेला, कृष्णचंद्र पाठक व कृष्ण कुमार सोनी कवरेज के लिए गए थे ।कवरेज के दौरान बालू घाट पर मौजूद नरेंद्र राजपूत, हेमन्त राजपूत, मुकेश राजपूत व अजय शुक्ला ने अपने 20 - 25 अज्ञात साथियों के साथ मिलकर पत्रकारों के साथ गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया और लाठी डंडों और अवैध असलहों की वटों से मारपीट शुरू कर दी ।मारपीट करते हुए दवंग खनन माफियाओं ने जान से मारने की नियत से तीनों पत्रकारों को स्कॉर्पियो गाड़ी से अगवा करके ले जाने का प्रयास किया। आरोपियों ने पीड़ित पत्रकारों के मोबाइल फोन सहित नकदी भी लूट ली। पत्रकारों ने किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई ।आरोपियों द्वारा पत्रकारों की बोलेरो गाड़ी को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया ।घटना की सूचना मिलने पर बड़ी संख्या में पत्रकार एरच थाने जा पहुंचे और दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की। पीड़ित के प्रार्थना पत्र पर एरच थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों सहित 20- 25 अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 147,148, 323,427, 392, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है ।पत्रकारों ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी ना होने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर -घर जाकर मतदान कराने हेतु पोलिंग पार्टियां रवाना



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 एवं उप निर्चाचन विधान सभा दुद्धी को सकुशल संपन्न कराने हेतु मा0 भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता व दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराने हेतु कलेक्ट्रेट से पोलिंग पार्टियां रवाना हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बताया दिव्यांग पी0डब्लू0डी0 मतदाता-333, बजुर्ग (85 प्लस)-272 के लिए 55 पोलिगं पाटीर्यों द्वारा मतदान कराया गया। प्रत्येक टीम में मतदान कराने के लिए 02 कर्मचारी, 01 माइक्रो आवजर्वर, 02 सुरक्षा कर्मी तथा 01 वीडियोंग्राफर लगाया गया है। समस्त पार्टियों को मतदाता सूची, रूट चार्ट स्टेशनरी, मोहर आदि उपलब्ध कराई गयी है। उन्होंने बताया कि 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके मतदाता एवं दिव्यांग मतदाता जो आज दिनांक 22 मई 2024 को मतदान करने से वंचित रह जाएंगे उन्हें पोलिंग पार्टियों द्वारा दिनांक 24 मई 2024 को घर-घर जाकर मतदान कराया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर हत्या का आरोप

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी भाई ने अपनी बहन की सास व ननद समेत अन्य पर घर में घुसकर बहन का जबरन मुंह दबाकर हत्या का लगाया आरोप। माल थाना क्षेत्र के गोपरामऊ निवासी दीपक ने अपनी बहन ज्योति की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व इसी थाना क्षेत्र मसीढा हमीर गांव निवासी कैलाश के साथ सामूहिक विवाह किया था ।परंतु दीपक अपनी दूसरी बहन की शादी तय किया जिसमें उसको मोटर साईकिल आदि दान दहेज देने की बात कही थी। जिसपर ज्योति के ससुरालीजन इस बात से नाराज थे। नाराजगी को मानते हुए पति कैलाश,सास रूपरानी बहन ज्योति (27) को आए दिन मारते पीटते व प्रताड़ित करते थे। बीते नौ मई को मोटर साईकिल व सोने की जंजीर की मांग की असमर्थता जताने पर उसे लात



मृतका ज्योति फाइल – फोटो

घूसों से जमकर पिटाई कर दी साथ ही उसके पति ने सिर पर डंडे से वार कर दिया था। किसी तरह से जान बचाकर अपने घर पहुंची थी। जिसकी शिकायत बीती 10 मई को माल थाने पर की थी। जिस पर पुलिस ने शांति भंग की कार्रवाई की थी।

मृतक ज्योति के भाई दीपक ने बताया की बुधवार शाम करीब छः बजे बहन के नंदोई व देवर समेत अन्य लोग हमारे गांव गोपरामऊ आए थे हम लोगों को घर के बाहर बातों में उलझाएं रहे और बहन की नंद व सास घर में घुसकर बहन का मुंह दबाकर उसको मौत के घाट उतार दिया। कुछ समय बाद जब वह घर के अंदर पहुंचे तो देखा कि बहन बेसुध अवस्था में कमरे में पड़ी थी। जिसे तुरंत आनन फानन में माल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने बहन को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक ज्योति के परिवार में तीन मासूम बच्चें प्रिंस, कार्तिक, व यश हैं जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। इस संबंध में मलिहाबाद एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। परिजनों द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# हत्या के प्रयास के मामले में कोर्ट ने चार आरोपियों को सुनाई 10 वर्ष की सजा, लगाया अर्थदंड



अमन लेखनी समाचार

गाजीपुर जिले में अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर 3 अरविंद मिश्र की अदालत ने शादियाबाद थाना क्षेत्र में हुए हत्या प्रयास के मामले में चार अभियुक्तों को 10-10 वर्ष के सश्रम कर आवास और कुल 15000- 15000 रुपए अर्थ दण्ड की सजा सुनाई है। अर्थ दण्ड की राशि से 75% राशि घायल मुलायम को देने का आदेश अदालत ने दिया है। अभियोजन के अनुसार शादियाबाद थाना क्षेत्र के सराय गोकुल निवासी रामनारायण यादव पुत्र स्वर्गीय शीरू यादव मैं थाने में तहरीर दिया कि गांव के विजई यादव ,रामविलास यादव, लोकनाथ यादव से चकरोड को लेकर विवाद है इसी रंजिश को लेकर 25 मई 2018 की रात्रि 9:00 बजे सभी एक राय होकर रामनिवास के क्वार्टर के सामने अपने सहयोगी अमरजीत सिंह व विशाल सिंङ्कर्फीङ्कशी

# बुजुर्ग किसान पर दबंगों ने किया धारदार हथियार से हमला, घायल

● पुलिस ने पांच नामजद समेत अन्य के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा किया दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ ।एक गांव निवासी युवक ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पिता ने पूर्व में गांव के ही चन्द्र किशोर के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था। और उस मामले में न्यायालय में गवाही दी गयी थी। जिसके बाद से आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे थे। जिसके चलते बीते मंगलवार शाम राम किशोर अपने घर के आंगन में बैठे थे। इसी बीच गांव के सजीवन, चन्द्र किशोर, अजीत, रीता, ऊषा समेत अन्य लोगों ने घर में दाखिल होकर अभद्र प्रकार की गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त दबंगों ने धारदार हथियार बांका व लाठी



घायल अवस्था में रामकिशोर – फोटो

डंडों से हमला कर दिया। इस बीच बुजुर्ग किसान राम किशोर अंदर चला गया, तो उक्त दबंगों ने एक राय होकर उसे जमकर मारा पीटा। जिससे बुजुर्ग बेसुध हो गया। इस बीच दबंगों ने उसे खींच कर बाहर लाकर जमीन पर पटक कर इंटों से मुंह कुचल दिया। बीच बचाव करने आये चाचा तुलसीराम की भी दबंगों ने पिटाई कर दी। दबंगों की पिटाई से रामकिशोर के सिर व चेहरे पर गंभीर चोट पहुंची है। लोगों को आता देख सजीवन तमंचा लहराते हुऐ जान से मारने की धमकी देकर वहां से सभी लोग फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल रामकिशोर को मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख उसे ट्रामासेन्टर रेफर कर दिया। हालत में सुधार न होता देख परिजनों ने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस सम्बन्ध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद समेत अन्य लोगों पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# लोकसभा चुनाव में बौद्धिक वर्ग को साधने में जुटे कुछ नेता

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र ।रॉबर्ट्सगंज में प्रबुद्ध जनों से बात करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री अंबरीश जी ने कहां की बौद्धिक वर्ग ही तय करता है राष्ट्रीय मुद्दे। वह नगर स्थित एक स्वतंत्र पत्रकार के आवास पर मंगलवार को देर शाम बुद्धिजीवियों से बौद्धिक संवाद कर रहे थे। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ते हुए यह भी कहा कि समाज का बौद्धिक तबका ही राष्ट्र के मुद्दों पर नजर रखता है, और उसी के अनुसार विमर्श करता है। यह कहना था ।कहा कि यही वर्ग देश समाज का लक्ष्य और दिशा भी तय करता है। विश्व हिंदी साहित्य सेवा संस्थान के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि जिस तरह हम अपने परिवार की समस्याओं के प्रति चिंतित और जागरूक रहते हैं, उसी तरह देश के बड़े मुद्दों पर भी हम सबकी नजर रहती है। उन्होंने श्उदाहरण देते हुए बताया कि भले ही हम सोनभद्र में रहते हैं, लेकिन कश्मीर का मुद्दा हम सबके भी जेहन में था, धारा 370 हटने के बाद सिर्फ कश्मीरियों ने नहीं , हम सबने भी राहत की सांस ली ईश्वर प्रसाद महाविद्यालय के प्राध्यापक भोलानाथ मिश्र ने असम और पश्चिम बंगाल में घुसपैठियों की नागरिकता मुद्दे पर चर्चा करते हुए कहा कि जब उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता का प्रस्ताव पास हुआ तो पूरा देश मन ही मन प्रसन्न हुआ ।स्वतंत्र मान्यता प्राप्त पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी ने कई अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर भारत की नीतियों की चर्चा किया।

# मिट्टी की जांच से पता चलेगा खेत में कितनी डालें खाद किसानः मानवेंद्र सिंह

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अपनी मिट्टी पहचानो अभियान के तहत मलिहाबाद नगर पंचायत के ग्राम मुजासा में में कृषि विभाग द्वारा मृदा परीक्षण के लिए किसानों के खेत की मिट्टी के नमूने लिए गये। मलिहाबाद सहायक कृषि अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने किसानों को जानकारी दी कि मृदा परीक्षण कराने से अमुक फसल के लिए एनपीके की मात्रा निकलकर आती है, जिसमें अमुक फसल में प्रयोग करने से पैदावार बढ़ती है तथा फसल उत्पादन पर लागत भी कम आती है। नगर पंचायत के एक किसान के खेत से मृदा के नमूने लिए गये। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा सॉइल हेल्थ कार्ड के बारे में किसानों को जानकारी दी साथ ही किसानों को



मृदा परीक्षण के लिए मिट्टी के नमूने लेते, एडीओ ऐजी कृषि व अन्य

उनकी मिट्टी की स्वास्थ्य स्थिति और उसमें पाए जाने वाले पोषक तत्वों के बारे में सटीक जानकारी दी। मिट्टी की जांच के माध्यम से किसानों को उनके खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता के बारे में जानकारी मिलती है, जिससे वे फसलों की बेहतर उपज के लिए सही समय पर उचित कदम उठा सकते हैं। सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह ने बताया कि सॉइल हेल्थ कार्ड के माध्यम से किसान मिट्टी में उपस्थित पोषक तत्वों और आवश्यक तत्वों की कमी के बारे में जान सकते हैं। इससे वे अपने खेतों में उर्वरक का सही मात्रा में उपयोग कर सकते हैं। इस मौके पर कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आयोजित

अमन लेखनी समाचार/ शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर ।स्थानीय विद्यालय में नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक आयोजित की गई। जिसमे जिले से आए व्यापार मंडल के समक्ष चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद पर अश्विनी कुमार दिवेदी को चुना गया। कस्बे के एक विद्यालय में नगर उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे अध्यक्ष पद पर अश्वनी कुमार दिवेदी का सर्व सम्मति से चयन किया गया। महामंत्री पद पर रवि गुप्ता व कोषाध्यक्ष पद पर श्री बाबू शिवहरे का निर्विरोध निर्वाचन किया गया ।वही युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष पद पर जीतेंद्र सेंगर का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जनपद के जिला अध्यक्ष के जी अग्रवाल, महामंत्री सूर्यकुमार तिवारी, नगर अध्यक्ष राठ काशी प्रसाद गुप्ता, युवा व्यापार मंडल अध्यक्ष राठ उमाशंकर,तथा चुनाव अधिकारी श्याम दास विश्वकर्मा की मौजूदगी में व्यापार मंडल का चुनाव संपन्न हुआ ।सरंक्षक में राजेश गहोई, मेंहदी हसन, श्यामदास विश्वकर्मा, को बनाया गया। चुनाव प्रक्रिया का संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष सैलानी गुप्ता ने किया। इस अवसर पर कैलाश चौरसिया, अवधेश गुप्ता, पंकज पालीवाल, गुल्लू शिवहरे, उमाशंकर सोनी, सहित व्यापारी मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

ज्योतिष शास्त्र

## लोहे का छल्ला बिना कारण धारण करने की मत करना भूल



हर धातु का महत्व किसी ना किसी ग्रह से जुड़ा है। इसीलिए हर धातु को को पहनने से पहले उससे जुड़े नियमों का पालन करना बहुत जरुरी है। धरती में सबसे ज्यादा पाया जाने वाला तत्व है लोहा। शनि को मजबूत बनाने के लिए लोहा जरुर धारण करें। अगर आपकी कुंडली में शनि बहुत खराब स्थिति में हो तो लोहे की अंगूठी पहन सकते हैं।

**शनिवार को न खरीदें, उपहार में मिले तो शुभ :** लोहे का छल्ला शनिवार के दिन बिलकुल भी ना खरीदें। शनिवार के दिन लोहा खरीदना अशुभ माना जाता है। लोहे का छल्ला नजर दोष से बचाती है। अगर आपको लोहे का छ्ल्ला उपहार में मिलता है तो यह शुभ माना जाता है। लोहे की अंगूठी को हमेशा मध्यमा उंगली में पहनना चाहिए। मध्यमा उंगली शनि की उंगली कहलाती है, इसीलिए शनि की ढैय्या, शनि की साढ़ेसाती या शनि की महादशा से मुक्ति पाने के लिए आप लोहे की अंगूठी पहन सकते हैं।

**शनि ग्रह की सस्थिति देखकर ही करें धारण:** जिन लोगों की कुंडली में शनि प्रमुख स्थान पर हैं या शनि की स्थिति मजबूत हैं तो वो लोग लोहे की अंगूठी ना पहनें। अगर आप लोहे की अंगूठी पहनते हैं तो आपको जीवन में चुनौतियों को सामना करना पड़ता है और फायदे की जगह नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**ये ग्रह साथ हैं तो छल्ला पहनना वर्जित :** जिन लोगों की कुंडली में बुध, सूर्य, शुक्र एक साथ हो तो वो लोग लोहे का छल्ला ना पहनें। ऐसे लोगों को नुकसान हो सकता है। लोहे का छल्ला पहने से पहले हमेशा किसी विशेष सलाहकार से सलाह जरुर लें।

## 5, 14 और 23 अंक वालों में होती हैं ये खूबियां



ज्योतिष में बच्चे का नाम और उनकी डेट ऑफ बर्थ को बहुत माना जाता है। बच्चे का नाम किस अक्षर से शुरू हो रहा है और डेट ऑफ बर्थ के हिसाब से क्या मूलांक बन रहा है। मूलांक का अपना-अलग महत्व होता है। उसके हिसाब से बताया जा सकता है कि बच्चा बड़ा होकर कैसा बनने वाला है या उसमें क्या क्वालिटी होंगी। आज हम आपको उन तारीखों के बारे में बताते हैं जिन पर अगर किसी बच्चे का जन्म हुआ हो तो वो बहुत बुद्धिमान होता है। अगर आपके बच्चे का जन्म भी इन्हीं तारीखों पर हुआ है तो पढ़ लें उसकी खासियत। हम जिन तारीखों की बात कर रहे हैं वो हैं 5,14 और 23। इन तीनों तारीखों का मूलांक 5 होता है।

**बुद्धिमान होते हैं ऐसे लोग :** जिन लोगों का मूलांक 5 होता है उनका स्वामी बुध होता है। बुध ज्ञान का प्रतीक होता है। इस वजह से ही जिन लोगों का मूलांक 5 होता है वो बुद्धिमान होते हैं। बचपन से है ये बच्चे होशियार होते हैं।

**साहसी होते हैं ऐसे लोग :** मूलांक 5 वाले लोग बुद्धिमान के साथ साहसी भी होते हैं। अगर वो अपनी जगह सही हैं तो वो किसी भी काम को करने से पीछे नहीं हटते हैं। ये उनकी खासियत होती है। इस वजह से ही ये जिंदगी में खूब आगे जाते हैं। परेशानियों से डर के पीछे भागना इनकी आदत नहीं होती, इसलिए ये हर स्थिति का साहस से सामना करते हैं।

**चैलेंज स्वीकार करते हैं :** 5 मूलांक वाले लोगों की खासियत होती है कि वो किसी भी चैलेंज को लेने से पीछे नहीं हटते हैं। वो हर चैलेंज को स्वीकार करते हैं और उसे अपने दम पर हमेशा जीतते हैं। रिस्क लेने से भी पीछे नहीं हटते हैं।

**बिजनेस होता है सफल :** मूलांक 5 वाले लोगों में ये खासियत होती है कि वो रिस्क लेने से पीछे नहीं हटते हैं। उन्हें रिस्क लेना पसंद होता है। इसी वजह से इनका बिजनेस हमेशा सफल होता है। जिसकी वजह से ये ऊंचा मुकाम हासिल करते हैं।

5 मूलांक के लोग बहुत ही खुशमिजाज स्वभाव के होते हैं। ये अपने हसी-मजाक के स्वभाव से लोगों का दिल जीत लेते हैं। इनका मजाकिया रवैया अक्सर लोगों को बहुत ही पसंद आता है। यह अपनी बुद्धिमत्ता से खूब पैसा कमाते हैं। समाज में भी खूब मान-सम्मान मिलता है।

### सिरदर्द को दूर करने सोना भी है जरूरी

# इन तरीकों से दूर कर सकते हैं सिर का दर्द, करें घरेलू उपाय

कभी रात में देर तक जागना तो कभी बिना रुके ऑफिस में काम करना और समय पर नाश्ता या लंच ना करना भी सिर के दर्द का कारण बन सकता है। गर्मियों के मौसम में अगर थोड़ी भी देर धूप में निकला जाए तो सिर का दर्द जकड़ लेता है। कहते हैं सिर में दर्द होने लगे तो कुछ देर सोने की कोशिश करनी चाहिए, लेकिन हर समय ऐसा करना मुमकिन नहीं होता है। इसीलिए सिर में दर्द होने पर कुछ आम घरेलू नुस्खे आजमाकर देखे जा सकते हैं। इन नुस्खों को आजमाना बेहद आसान हैं और इनसे सिर के दर्द से कुछ ही देर में आराम मिल सकता है।



### खाएं ये फूड्स

कई बार लो ब्लड शुगर होने पर भी सिर का दर्द सता सकता है। ऐसे में कुछ खाने-पीने पर सिर दर्द ठीक हो जाता है। खासतौर से मैग्नीशियम के सेवन से सिर दर्द में आराम मिलता है। बादाम, ब्लैक बींस, पालक, कद्दू के बीज और चिया सीड्स मैग्नीशियम के अच्छे स्त्रोत होते हैं।

### कैफीन का सेवन करना

चाय या कॉफी पीने पर भी सिर के दर्द से राहत मिल सकती है। चाय और कॉफी में कैफीन होता है जो सिर का दर्द कम करने में असर दिखाता है।



### तुलसी के पत्ते

औषधीय गुणों से भरपूर तुलसी के पत्तों के फायदे सिर के दर्द में भी दिखते हैं। कुछ तुलसी के पत्ते धोकर एक कप पानी में डालें और इस पानी को उबालकर कप में छान लें। इस चाय को पीने पर भी सिर का दर्द कम होने लगता है।

### अदरक दिखाएगा असर

सिर के दर्द से राहत पाने के लिए अदरक का सेवन किया जा सकता है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण रक्त धमनियों की इंफ्लेमेशन कम करते हैं जिससे सिर के दर्द से राहत मिलने लगती है। अदरक के रस में थोड़ा नींबू का रस मिलाकर पीने पर सिर का दर्द कम हो सकता है। इसके अलावा, एक गिलास पानी में 2 चम्मच अदरक का पाउडर मिलाकर पीने से भी दर्द से राहत मिल जाती है।

### लौंग आएगी काम

तेज सिर दर्द को कम करने के लिए लौंग का सेवन किया जा सकता है। लौंग के पेन रिलिविंग गुण सिर दर्द को कम करने में अच्छा असर दिखाते हैं। एक साफ रुमाल लेकर उसमें कुछ कुटी हुई लौंग डाल लें. इस रुमाल को सूंघने पर सिर के दर्द से राहत मिल सकती है। इसके अलावा सिरदर्द होने पर लौंग के तेल को नारियल के तेल में मिलाकर सिर पर मलने से भी दर्द में आराम मिलता है।

## बवासीर-पाचन के लिए रामबाण है ये ड्रिंक, कई रोगों में लाभकारी



गर्मी के मौसम में छाछ गजब का देसी पेय पदार्थ है। ये शरीर को ताजगी, ठंडक और सुकून प्रदान करता है। इसका सेवन कई बीमारियों में लाभदायक है। इससे पेट को काफी राहत मिलती है। कब्ज जैसी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। इसमें सोंठ, काली मिर्च और पिप्पली मिलाकर पीने से कफ से होने वाली समस्यायों से राहत मिलती है। गुड़ मिलाकर पीने से पेशाब में दर्द की समस्या खत्म होती है। हींग, जीरा और सेंधा नमक मिलाकर पीने से उक्त तमाम बीमारियां शरीर से दूर होने के साथ कलेजे को ठंडक और सुकून मिलता है।

यह एक देसी प्रक्रिया से तैयार होने वाला गर्मी के दिनों में हर किसी के लिए अमृत समान पेय पदार्थ है। शुद्ध देसी दही को देर तक मंथन कर मलाई को अलग करने के बाद लगभग एक चौथाई पानी मिलाकर इसे तैयार किया जाता है। कई बीमारियों में यह बहुत लाभकारी और गुणकारी है। इस छाछ यानी मट्ठे में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं। जैसे - इसमें विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन सी, विटामिन ई, कैल्शियम और पोटेशियम इत्यादि. आयुर्वेद के अनुसार इसमें से घी और मक्खन निकल जाने के कारण यह बहुत हल्का और सुपाच्य बन जाता है, जो शरीर को ताजगी की प्रदान करता है।

ज्यादातर छाछ को मिट्टी के बर्तन में ही रखकर प्रयोग करना चाहिए। बरसात के मौसम में इसका प्रयोग न करें। अगर गठिया या जोड़ के दर्द की समस्या हो तो इसमे छौंक लगाकर थोड़ा गुनगुना ही सेवन करें। इसके अलावा अगर कोई पुरानी बीमारी हो तो एक आयुर्वेद चिकित्सक से परामर्श लेकर ही इसका प्रयोग करें। क्योंकि सही मात्रा उम्र और बीमारी के हिसाब से एक एक्सपर्ट ही निर्धारित कर सकता है।

## पीरियड्स रेगुलर होने के बाद भी हो सकती है पीसीओएस की समस्या

पीरियड्स रेगुलर होने के बाद भी क्या पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम की समस्या हो सकती है? जवाब है हां, पीसीओएस होने पर रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी ये लक्षण शरीर में दिखते हैं। पीसीओएस एक हार्मोनल इंबैलेंस की समस्या है। जिसमे महिलाओं के शरीर में ओवरी के बाहर छोटे-छोटे सिस्ट बन जाते हैं। इन लिक्विड से भरे सिस्ट में अविकसित अंडे होते हैं। जिसकी वजह से रेगुलर अंडे बनने बंद हो जाते हैं। पीसीओएस की समस्या का सटीक कारण नहीं पता होता। लेकिन ज्यादातर मोटी लड़कियों में इसकी समस्या देखने को मिलती है। हालांकि वो महिलाएं या किशोर लड़कियां जो पतली हैं और रेगुलर पीरियड्स होते हैं। उन्हें भी पीसीओएस की समस्या हो सकती है। जिसकी वजह से फ्यूचर में प्रेग्नेंसी में दिक्कतों के अलावा टाइप 2 डायबिटीज और हार्ट डिसीज होने का खतरा रहता है। रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी अगर ये लक्षण दिख रहें तो समझ जाएं कि पीसीओएस की समस्या है।



### इंसुलिन रेजिस्टेंस

इंसुलिन हार्मोन शरीर को एनर्जी देने का काम करता है। लेकिन जब सेल्स इंसुलिन की क्रिया के प्रति रिएक्ट नहीं करता तो ब्लड ग्लूकोज का लेवल बढ़ जाता है। जिससे बॉडी को ज्यादा इंसुलिन बनाना पड़ता है। जिससे कि ब्लड शुगर लेवल कम हो जाए। ज्यादा मात्रा में इंसुलिन की वजह से शरीर में मेल हार्मोन एंड्रोजन बनने शुरू हो जाते है। जिससे ओवेल्यूशन में दिक्कत होती है। अगर किसी महिला की फैमिली हिस्ट्री में पीसीओएस की समस्या है तो पैदा होने के चांस ज्यादा रहते हैं।

### कब मिलें डॉक्टर से

अगर रेगुलर पीरियड्स होने के बाद भी शरीर में इस तरह के लक्षण दिख रहे हैं तो ये पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम की समस्या हो सकती है। जिससे निपटने के लिए सही डाइट और उपचार की जरूरत होती है।

### पीसीओएस के कारण

पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम होने के लिए सटीक कारण का पता नहीं, लेकिन इन वजहों से हो सकता है।



## रसोई में इन 3 चीजों का गिरना माना जाता है अशुभ

हर इंसान के रोजमर्रा की जिंदगी में कई समस्याएं होती हैं। वास्तु शास्त्र में लगभग हर परेशानी का कोई न कोई उपाय बताया गया है। डेली लाइफ में हर इंसान को वास्तु के नियमों का पालन करना चाहिए। जो लोग इन नियमों का पालन नहीं करते हैं, उन्हें वास्तु दोष लग सकता है, जिसका सीधा असर परिवार के किसी भी सदस्य के स्वास्थ्य पर पड़ता है। वास्तु शास्त्र एक प्राचीन भारतीय विज्ञान है जो घरों में सुख समृद्धि लाने के लिए दिशाओं और ऊर्जा के सिद्धांतों का उपयोग करता है। वास्तु शास्त्र का मानना है कि घर में मौजूद हर वस्तु और हर स्थान का हमारे जीवन पर प्रभाव पड़ता है। रसोई घर, घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होता है, जहां भोजन बनाया जाता है। अक्सर आपने देखा होगा कि किचन में काम करते समय कुछ न कुछ सामान नीचे गिर जाता है और ऐसा होना बहुत सामान्य है। मगर वास्तु शास्त्र में कुछ खास चीजों का गिरने को अशुभ माना जाता है, क्योंकि यह नकारात्मक ऊर्जा और दुर्भाग्य का संकेत हो सकता है। इसलिए आइए इस लेख में जानते हैं कि किन-किन चीजों के गिरना आपके आमदनी और स्वास्थ्य के लिए अपशगुन माना जाता है।

### 1. सरसों का तेल का गिरना

किसी भी सब्जी को बनाते समय ज्यादातर लोग सरसों के तेल का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए लगभग सभी किचन में सरसों का तेल मौजूद होता है। ऐसे में किचन में सरसो के तेल का गिरना बहुत सामान्य घटना है। मगर वास्तु शास्त्र के अनुसार सरसों के तेल का गिरना अशुभ परिणाम का संकेत हो सकता है। सरसों का तेल शनि ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है। हिंदू धर्म में सरसों के तेल को शनिदेव से जोड़कर देखा जाता है। इसलिए अगर आपसे बार- बार सरसों का तेल गिरता है तो ये शुभ संकेत नहीं माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, इसकी वजह से व्यक्ति को शनि से संबंधित कई परेशानियों घेर सकती हैं।

### 2. दूध का उबलते समय गिरना



हम बचपन से ही घरों में देखते आएं हैं कि मां किचन में दूध रख कर कोई काम करती हैं और थोड़ी देर बाद पता चलता है कि दूध गिर गया है। लगभग सभी लोगों के पास किचन में उबलते हुए दूध से जुड़ा कोई न कोई किस्सा जरूर होगा। इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि किचन में दूध का उबलते हुए गिरना बहुत आम बात है। मगर आपको जानकर हैरानी होगी कि वास्तु शास्त्र के अनुसार ऐसी घटनाओं का बार- बार होना घर में समस्याओं का संकेत होता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार दूध को चंद्र ग्रह से जोड़कर देखा जाता है। इसलिए अगर आपके किचन में बार- बार दूध गिरता है तो यह आपको कुंडली में चंद्र ग्रह के कमजोर होने का संकेत देता है। उबालते समय दूध को गिरने से बचाने का सबसे अच्छा उपाय है कि आंच पर दूध से भरे हुए बर्तन के ऊपर करछुल रख दें।

### 3. नमक का गिरना


दुनिया में शायद ही कोई किचन होगा जहां नमक का इस्तेमाल नहीं होता है। इसलिए ये कहना गलत नहीं होगा कि लगभग हर रसोई घर में नमक मौजूद होता है। ऐसे में किचन में नमक का गिरना बहुत आम बात है। वास्तु शास्त्र के मुताबिक नमक को चंद्रमा और शुक्र ग्रह का प्रतिनिधित्व माना गया है। इसलिए अगर किचन में बार-बार नमक गिरता है, तो इसका मतलब है कि आपके जीवन में परेशानियां बढ़ सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### कम बिजली खर्च करके कमरे को ठंडा कर देता है और गर्मी से तुरंत राहत भी दिलाता है

# कूलर की बदबू उड़ा रही होश तो देसी जुगाड़ आएंगे काम, हवा भी रहेगी एकदम फ्रेश

*गर्मी के मौसम में कूलर अक्सर हर घर में नजर आ जाता है। यह कम बिजली खर्च करके कमरे को ठंडा कर देता है और गर्मी से तुरंत राहत भी दिलाता है। कई बार कूलर से बेहद गंदी स्मेल भी आती है, जो मछली की बदबू जैसी लगती है। इसकी वजह से घर में रहना मुश्किल हो जाता है और पूरे घर का वातावरण दुर्गंध से भर जाता है। इस समस्या से ग्रसित लोग इससे कैसे निजात पाएं इसके लिए परेशान रहते हैं। आईए जानते हैं वो टिप्स जिनके जरिए आप कूलर की दुर्गंध समाप्त कर सकते हैं।*





### कूलर से क्यों आने लगती है बदबू?


अक्सर आप सोचते होंगे कि आपके कूलर से अचानक मछली जैसी बदबू क्यों आने लगती है? दरअसल, जब कूलर में कई दिन तक पानी चेंज नहीं किया जाता है तो वह पानी सड़ जाता है और उसमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। इसकी वजह से कूलर से बेहद गंदी बदबू आने लगती है, जो मछली जैसी स्मेल लगती है। इससे बेहद आसानी से छुटकारा पा सकते हैं।

### सबसे पहले आजमाएं यह तरीका

कूलर की बदबू से निजात पाने के लिए सबसे पहले तो उसका पानी एक-दो दिन में चेंज करना चाहिए। कूलर चलाने से पहले यह जरूर चेक कर लें कि उसका पानी चेंज किया गया है या नहीं। अगर पानी कई दिन पुराना नहीं रखना चाहिए नहीं तो उसमें बदबू के साथ ही कीटाणु व मच्छर भी पनपने लगते हैं। पानी बदलते रहने से कूलर से बदबू नहीं आएगी।

### घास गंदी होने से भी होती है दिक्कत

अगर कूलर की घास काफी पुरानी हो गई है और गंदी नजर आने लगी है तो इसकी वजह से भी बदबू आने लगती है। दरअसल, यह घास बार-बार गीली होकर सूखने से खराब हो जाती है, जिसकी वजह से इसमें भी बैक्टीरिया पनपने लगते हैं और उनकी वजह से बदबू महसूस होती है। ऐसे में कूलर चलाने से पहले उसकी घास जरूर बदल लें। अगर घास ज्यादा पुरानी नहीं है तो इसकी घास को कुछ समय के लिए तेज धूप में रख दें। इससे बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं।



### पानी-घास बदलने का वक्त नहीं तो यह भी ऑप्शन

कई बार ऐसा हो सकता है कि कूलर में भरने के लिए घर में पर्याप्त पानी ही न हो। इसके अलावा देर रात बदबू महसूस होने पर घास बदलने का ऑप्शन भी नहीं रहता है। ऐसे में आप फ्रेगरेंस की मदद से भी बदबू पर काबू पा सकते हैं। इसके लिए आप कूलर के पानी में नेचुरल एसेंशियल डाल दीजिए, जिससे उसकी खुशबू कमरे में फैल जाएगी और बदबू नहीं आएगी। अगर आपके पास नेचुरल एसेंशियल भी नहीं है तो थोड़ा-सा डिटर्जेंट पाउडर कूलर के पानी में डाल सकते हैं। इसकी मदद से भी बदबू की समस्या कुछ समय के लिए दूर हो जाती है।